राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 22
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 22 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में उत्तराखंड महाकौथिग मेले का उद्घाटन
पेज 4 लखनऊ में युवक की पीट-पीटकर हत्या
पेज 6 लियोनेल मेस्सी का भारत दौरा भारतीय फुटबॉल के लिए फायदेमंद

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा में भराभराकर दीवार गिरी, 7 लोग मलबे में दबे-2 की मौत

**आगरा/फतेहाबाद।** आगरा में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में अलाव ताप रहे 7 लोग दब गए। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। अफरा-तफरी के बीच आसपास के 50 से ज्यादा लोग भागकर आए और फावड़े से ईंट और मिट्टी हटाना शुरू किया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। यहां दो गंभीर घायलों को आगरा रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। 5 का इलाज अब भी जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बटेश्वर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना बटेश्वर थाना क्षेत्र के विजकौली गांव की है।

### नाबालिग बेटी ने पिता को खिलाई बेहोशी की दवा, फिर प्रेमी से करवा दी हत्या

**वडोदरा ।** गुजरात के वडोदरा से एक बाप-बेटी के रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया है। जहां कथित तौर पर एक किशोरी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने बाप की हत्या करवा दी। इसके पीछे की वजह बेटी के प्रेम प्रसंग का पिता द्वारा विरोध बताया जा रहा है। दरअसल, वडोदरा के पडरा गांव में 17 साल की लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता शाना चवड़ा की हत्या की साजिश रची। इसके बाद रंजीत ने अपनी प्रेमिका के बाप को चाकू से गोदकर मार डाला।

# देशभर के 68 करोड़ यूजर के ई-मेल और पासवर्ड लीक

**एमपी स्टेट साइबर ने जारी की गाइडलाइन; कहा- तुरंत रीसेट करें पासवर्ड**

एजेंसी


**भोपाल।** मध्य प्रदेश स्टेट साइबर पुलिस ने रविवार को एक अहम एडवाइजरी जारी की है। जिसमें बताया है कि हाल ही में करीब 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स की ई-मेल आईडी और पासवर्ड साइबर अपराधियों के हाथ लगने का मामला सामने आया है।

एडवाइजरी में कहा है कि ई-मेल अकाउंट हैक हो जाए तो अपराधी इससे सोशल मीडिया अकाउंट्स, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और अन्य एप्स तक भी पहुंच बना सकते हैं। इससे बचने के लिए आप पासवर्ड को तुरंत रीसेट करें।

स्टेट साइबर पुलिस के मुताबिक चेतावनी डेटा लीक और साइबर ठगी के खतरे को देखते हुए पहले से सतर्क करने की पहल है।

समय रहते पासवर्ड बदलना, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करना और अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग पासवर्ड रखना सबसे प्रभावी बचाव है।

स्टेट साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने बताया कि देशभर में 68 करोड़ इंटरनेट यूजर के ईमेल आईडी और पासवर्ड साइबर अपराधियों के पास होने का अनुमान है।



प्रत्येक वेबसाइट या ऐप के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखने चाहिए। संदिग्ध ईमेल, एसएमएस, लिंक पर क्लिक न करें। अनजान ऐप या वेबसाइट पर लॉग इन न करें।

### यहां से ले सकते हैं मदद

अगर आपका ईमेल अकाउंट्स हैक हो गए हैं तो तुरंत पासवर्ड बदल लें। एक ही पासवर्ड कई अकाउंट्स के न रखें। संदिग्ध ई-मेल/लिंक पर क्लिक करने से बचें।

साइबर फ्रॉड की स्थिति में आप ps.cybercell-bpl @ mppolice.gov.in या हेल्पलाइन नंबर 7587646775 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कैसे जान सकते हैं ईमेल सुरक्षित है या नहीं

आप Have I Been Pwned वेबसाइट पर दिए गए बार कोड या लिंक के माध्यम से जान सकते हैं कि आपका ई-मेल आईडी किसी डेटा लीक का हिस्सा है या नहीं। यह साइट डेटा लीक के आधार पर जानकारी देती है।

### ट्रेनें लेट




रांची में सर्दी की सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच यात्रीयों को रांची रेलवे स्टेशन पर परेशनियों का सामना करना पड़ा।

# 'जी राम जी' बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी

**चिदंबरम बोले- मनरेगा से गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या जैसा**

**चेन्नई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 को मंजूरी दे दी। अब यह कानून बन गया है। नया कानून 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह लेगा।

इस बीच, कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या करने जैसा है।

गांधी जी को एक बार 30 जनवरी 1948 को मारा गया था। अब उन्हें दोबारा मारा जा रहा है।



चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिदंबरम ने कहा कि आप (केंद्र सरकार) गांधी और नेहरू को आधिकारिक रिकॉर्ड से मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे भारतीय लोगों के मन में बसे हैं, जैसे बुद्ध या यीशु। कोई भी सरकारी आदेश उन्हें मिटा नहीं सकता। दरअसल केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में 'जी राम जी' बिल लेकर आई थी। 18 दिसंबर को बिल संसद से पास हो गया था।

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपए भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया। सीबीआई के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल पर रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप है।

# ग्रैप-4 के बाद भी कैसे बढ़ रहा पॉल्यूशन

**विभाग ठीक से लागू नहीं करवा रहे नियम; दिल्ली में कई जगह एक्यूआई 370+**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने सरकारी विभागों से सवाल किया कि ग्रेप 4 लागू होने के बाद भी प्रदूषण कैसे बढ़ रहा है। सभी चार चरण लागू किए जाने के बावजूद हालात में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। आज दिल्ली में कई जगह एक्यूआई 370 से ऊपर रहा।

कमीशन ने कहा कि सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय और जवाबदेही की कमी के चलते ग्रैप के प्रावधान जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रहे हैं। केंद्र सरकार, एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिस जैसे निकायों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

CAQM के मुताबिक प्रतिबंध के बावजूद खुले में कूड़ा और बायोमास जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अवैध इंडस्ट्रियाल यूनट, बिना नियंत्रण के चल रहे निर्माण कार्य और सड़कों की खुदाई से उड़ती धूल प्रदूषण को और गंभीर बना रही है।

वहीं, वरिष्ठ भाजपा नेता और एकीकृत निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगांई ने भी दिल्ली सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एमसीडी और सरकार कूड़ा जलाने पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

### भाजपा और आप का एक दूसरे पर आरोप


दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ पोस्टर अभियान के बाद 'आप' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसे उसने 'प्रदूषण गीत' बताया है। वीडियो में सुपरमैन, स्पाइडरमैन, बैटमैन और सांता क्लॉज जैसे काल्पनिक किरदारों के जरिए दिल्ली की खराब हवा और प्रशासनिक विफलता पर तंज कसा गया है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने 'आप' के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मौजूदा हालात अरविंद केजरीवाल की दिल्ली और पंजाब सरकारों की दस साल की लापरवाही का नतीजा हैं। सचदेवा ने कहा कि जब सौरभ भारद्वाज स्वास्थ्य मंत्री थे, तब अस्पतालों में नकली दवाओं और मोहल्ला क्लीनिक घोटालों के आरोप लगे। उन्होंने कहा कि गंभीर समाधान खोजने के बजाय इस तरह के वीडियो राजनीति को कमजोर करते हैं और जनता के बीच भरोसा घटाते हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

पति- अरे! तुमने कहा था कि आज खाने में दो ऑप्शन होंगे।

लेकिन तुमने तो केवल ये लौकी की सब्जी ही बनाई है।
पत्नी- हां, तो 2 Option ही तो हैं...।।
पहला- खाना है तो खाओ।
दूसरा- नहीं तो रहने दो!



### शायरी

बुलंदी देर तक किस शख़्स के हिस्से में रहती है
बहुत ऊँची इमारत हर घड़ी खतरे में रहती है !!

### अर्थसार



संसेक्स:
84,929.36
+447.55 (0.53%)
निफ्टी:
25,966.40
+150.85

### मौसम



अधिकतम : 20 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 7 : 17
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 28

# अरावली का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा संरक्षित

**केंद्र ने खनन को बढ़ावा देने के आरोप को किया खारिज**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रविवार को उन आरोपों को अनुचित एवं निराधार बताते हुए खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि बड़े पैमाने पर खनन की अनुमति देने के लिए अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में बदलाव किया गया है। इसने क्षेत्र में नए खनन पट्टों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का भी हवाला दिया।

केंद्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित एक रूपरेखा इस पर्वत श्रृंखला की बेहतर एवं मजबूत सुरक्षा का प्रविधान करता है और एक व्यापक प्रबंधन योजना को अंतिम रूप दिए जाने तक नए खनन पट्टों पर रोक लगाता है।

### अरावली क्षेत्र का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संरक्षित क्षेत्र

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुंदरबन टाइगर रिजर्व में पत्रकारों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमोदित परिभाषा से अरावली क्षेत्र का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संरक्षित क्षेत्र के अंतर्गत आ जाएगा।



### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सभी राज्यों में मानकीकृत किया गया

100 मीटर के मानदंड पर विवाद के बीच जारी एक स्पष्टीकरण में सरकार ने कहा कि अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखला की परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सभी राज्यों में मानकीकृत किया गया है ताकि अस्पष्टता को दूर किया जा सके और दुरुपयोग को रोका जा सके।

विशेष रूप से उन प्रथाओं को रोका जा सके जिनके कारण पहाड़ी के नजदीकी क्षेत्रों में खनन जारी रह सकता था।

पर्यावरण मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अरावली में अवैध खनन से संबंधित लंबे समय से लंबित मामलों की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मई, 2024 में एक समिति का गठन किया था, ताकि एक समान परिभाषा की सिफारिश की जा सके क्योंकि विभिन्न राज्य खनन की अनुमति देते समय असंगत मानदंडों का पालन कर रहे थे।

# गुजरात में गोदारा-बॉक्सर गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार, हरियाणा में था वांटेड

**कच्छ।** गुजरात एटीएस और कच्छ पूर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने रोहित गोदारा-नवीन बॉक्सर गिरोह से जुड़े एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि मूलरूप से हरियाणा के काकरोली निवासी विकास उर्फ गोलू शेओरान को उसकी गतिविधियों और छिपने के ठिकाने के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर कच्छ जिले के रापर कस्बे से गिरफ्तार किया गया।

एटीएस ने कहा है कि शेओरान रोहित गोदारा-नवीन बॉक्सर गिरोह का सक्रिय सदस्य है। यह उत्तर भारत में कई अपराधों में शामिल एक आपराधिक गिरोह है। वह रोहतक निवासी लवजीत की हत्या में शामिल है, जिसे चार सितंबर को हरियाणा के भिवानी शहर में अदालत परिसर के अंदर से गोली मारी गई थी। शेओरान और उसके साथियों अजय और रोहित ने करीब से गोलीबारी की।

### महाराष्ट्र में जीएसटी धोखाधड़ी का आरोप, चार लोगों पर 22.06 करोड़ रुपये का मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चार व्यक्तियों के खिलाफ फर्जी जीएसटी-पंजीकृत कंपनियां बनाने और 22.06 करोड़ रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट दावा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग के एक अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कल्याण पुलिस ने गुरुवार को डाइनामिक एंटरप्राइजेज के मालिक निखिल गायकवाड़, नूर मोहम्मद वसीम पिंजारी, नवनाथ सुखर्या घरात और सरफराज सहित कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# फास्टैग : पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का होगा पेमेंट

**सड़क परिवहन मंत्रालय ला रहा योजना; 6 महीने का ट्रायल सफल रहा**

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय फास्टैग को मल्टीपर्पस बनाने की तैयारी में है। इसके तहत अब पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का पेमेंट फास्टैग से कर सकेंगे। इसके लिए छह महीने से जारी ट्रायल सफल रहा है। इसका उद्देश्य है कि फास्टैग का उपयोग सिर्फ टोल भुगतान तक सीमित न रहे, बल्कि यात्रा के दौरान रोड साइड एमिनिटीज के भुगतान में भी हो।

अधिकारियों ने कहा- इससे डिजिटल फ्रॉड की आशंका कम होगी। यूजर फास्टैग को वॉलेट की तरह इस्तेमाल कर सकेंगे, जिससे धोखाधड़ी की स्थिति में नुकसान कम हो।




### किन सुविधाओं के लिए होगा इस्तेमाल

इस बदलाव को लेकर फिनटेक कंपनियां, पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स, बैंक और टोल ऑपरेटर्स की बैठक हो चुकी है। इसमें इन चीजों के लिए सहमति बनी-

टोल
पेट्रोल पंप
ईवी चार्जिंग
फूड आउटलेट
वाहन मेंटेनेंस
सिटी एंट्री चार्ज
यात्रा के दौरान अन्य सुविधाओं का भुगतान

# करणी सेना लड़ेगी चुनाव, राजनीतिक दल बनाने का ऐलान

**एमपी के हरदा में 11 घंटे का जनक्रांति आंदोलन खत्म; शेरपुर बोले-अब दिल्ली करेंगे कूच**

**हरदा।** हरदा के नेहरू स्टेडियम में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना परिवार का जनक्रांति आंदोलन रविवार को 11 घंटे तक लगातार चला।

करीब 20 हजार से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक इसमें शामिल रहे, इसे जिले का अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन बताया जा रहा है।

रात 8 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अब आंदोलन के बजाय राजनीतिक दल बनाकर सर्व समाज की मांगों को लोकसभा और विधानसभा में उठाया जाएगा। शेरपुर ने बताया कि आज हजारों करणी सैनिकों ने पार्टी बनाने का समर्थन किया और उन्होंने करणी सैनिकों से वचन लिया कि वे आरएसएस की तर्ज पर दल की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने अपना अनशन जूस पीकर समाप्त किया।

### लाठीचार्ज के दोषियों पर कार्रवाई

हरदा में जुलाई महीने में हुए लाठीचार्ज के आरोपियों में शामिल पांच पुलिसकर्मियों को हटाने और उनके खिलाफ मजिस्ट्रियल जांच के आदेश कलेक्टर ने दे दिए हैं। जांच का नेतृत्व एसडीएम सिवनी मालवा करेंगे।

**किराए में बढ़ोतरी**

**भोपाल से दिल्ली जाने के लिए 16 रुपए एक्स्ट्रा देने होंगे; 26 दिसंबर से लागू**

# रेल किराया बढ़ा, हर किमी पर 1-2 पैसे ज्यादा लगेंगे

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा।

215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे।

रेलवे का अनुमान है कि इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत

रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसका मतलब है कि कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी।

इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है।

रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा।




### रेलवे को क्यों पड़ी किराया बढ़ाने की जरूरत?

रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, यह किराया बढ़ोतरी ऑपरेशनल कॉस्ट (परिचालन लागत) में हो रही वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को फंड करने के लिए जरूरी है।

रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है।

इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है।

### साल में दूसरी बार बढ़ाया किराया

इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी।

तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। वहीं इससे पहले 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था।

# संपादकीय

## बांग्लादेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था : भारत की बढ़ती चिंता



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बांग्लादेश में दिसंबर 2025 के मध्य से कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। यह संकट राजनीतिक अस्थिरता, कट्टरपंथी तत्वों की सक्रियता और अल्पसंख्यकों पर हमलों से जुड़ा है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में देश फरवरी 2026 के संसदीय चुनावों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन हालिया हिंसा ने लोकतंत्र की राह को कठिन बना दिया है। इस अस्थिरता से भारत की चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि दोनों देशों की साझा सीमा, अल्पसंख्यक सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित हो रही है।

हिंसा की शुरुआत 12 दिसंबर 2025 को हुई, जब इंकलाब मंच के प्रवक्ता और भारत-विरोधी बयानों के लिए ?? शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में गोली चलाई गई। सिंगापुर में इलाज के दौरान 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई।

इसके बाद देशभर में प्रदर्शन भड़क उठे। ढाका समेत कई शहरों में आगजनी, तोड़फोड़ और हमले हुए। प्रमुख समाचार पत्रों प्रथम आलो और डेली स्टार के कार्यालयों पर आग लगाई गई, सांस्कृतिक केंद्रों को निशाना बनाया गया।

शेख मुजीबुर रहमान के पैतृक घर पर भी हमला हुआ। यूनुस सरकार ने सेना और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की तैनाती की, लेकिन हिंसा पर पूर्ण नियंत्रण नहीं हो सका। अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे राष्ट्रमंडल और संयुक्त राष्ट्र ने शांति की अपील की।

इस हिंसा में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर हमले बढ़े। मयमनसिंह में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव जलाया। यह घटना 2024 से चली आ रही सांप्रदायिक हिंसा की कड़ी है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, 2025 में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर सैकड़ों हमले हुए। अंतरिम सरकार ने इनकी निंदा की और गिरफ्तारियां कीं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से आलोचना हो रही है।


भारत के लिए यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। बांग्लादेश में भारतीय दूतावासों और सहायक उच्चायोगों पर प्रदर्शन हुए, भारत-विरोधी नारे लगे। भारत ने ढाका में वीजा केंद्र बंद किए और बांग्लादेशी राजदूत को तलब कर सुरक्षा चिंताएं जताईं।

अल्पसंख्यकों पर हमलों से भारतीय हिंदू समुदाय प्रभावित है। सीमा पर घुसपैठ और कट्टरपंथी तत्वों की सक्रियता से उत्तर-पूर्वी राज्यों की सुरक्षा खतरे में है। संसदीय समिति ने भी अल्पसंख्यक सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर जोर दिया।

यूनुस सरकार ने चुनावों की तैयारी और सुधारों पर जोर दिया है, लेकिन कानून-व्यवस्था की कमजोरी से चुनौतियां बढ़ी हैं। अपराधों में वृद्धि, मीडिया पर हमले और सांप्रदायिक तनाव ने लोकतंत्र की राह कठिन की है। भारत शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, क्योंकि बांग्लादेश की स्थिरता क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है। यदि हिंसा जारी रही, तो दोनों देशों के संबंध और प्रभावित होंगे। उम्मीद है कि अंतरिम सरकार प्रभावी कदम उठाकर स्थिति संभालेगी।

# सेकुलरवाद का बहाना, वोटरों पर निशाना

उमेश चतुर्वेदी



स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया।

बिहार में जाति-धर्म की सियासी पिच पर बुरी तरह मात खाने के बावजूद इंडिया गठबंधन का भरोसा इसी पर है। तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन के खिलाफ गठबंधन ने लामबंदी की है, उससे यही संकेत मिल रहे हैं। डीएमके सांसद कनिमोई की अगुआई में विपक्षी गठबंधन के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है। विपक्षी गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा है कि कथित सेकुलर देश में किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया है। स्वामीनाथन के फैसले के अनुसार, जहां कार्तिदीपम मनाया जाना है, वहां एक दरगाह भी है। दरगाह और मंदिर साथ हो तो मंदिर की कीमत पर दरगाह की परंपराएं अपने यहां चलती रही हैं। अब तक की शासन व्यवस्था के लिहाज से ऐसे मामलों में मंदिर के पक्ष में फैसला सवालों के घेरे में आता है।

स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ही खुद आगे बढ़कर विवाद की आशंका से भर उठी। राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है। लेकिन इस फैसले के लिए स्वामीनाथन को पचा नहीं पा रही है। उसे लगता है कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो उसकी सेकुलरवाद के बुनियाद पर टिकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के डीएमके के इस कदम में सबसे हैरतनाक कदम है, अखिलेश यादव का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेसी नेताओं और अखिलेश की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। दरअसल महागठबंधन के दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी सूली पर चढ़ा सकता है। महागठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह फीसद अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना भी है। वैसे देखा जाए तो राज्य की सात करोड़ 21 लाख की आबादी में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या महज 42 लाख तीस हजार ही है। ब्राह्मणवाद की बुनियाद पर उभरी डीएमके की राजनीति में अल्पसंख्यकवाद पिछड़ी जातियों को लुभाने का भी मंत्र रहा है। राज्य की अधिसंख्य पिछड़ी आबादी को भी लुभाने की इस बहाने की कोशिश हो रही है। इसीलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में डीएमके को कोई हिचक नहीं हुई।

इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या? दक्षिम के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरूगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। शिव और पार्वती के बड़े पुत्र कार्तिकेय तमिलनाडु में मुरूगन और सुब्रह्मण्यम के नाम से भी जाने जाते हैं। मदुरै जिले की जिस थिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम मनाने का आदेश अदालत ने दिया, वह भगवान मुरूगन की छह पवित्र जगहों में से एक है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी दीप स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही। लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक ही एक दरगाह स्थापित हो गई। दरगाह के बाद सेकुलरवाद को बढ़ावा देना जरूरी था, लिहाजा दीपम की परंपरा अधिकारियों ने रोक दी। जिसे शुरू करने को लेकर अदालती हस्तक्षेप की मांग की गई। पहले मदुरै की जिला अदालत में मामला चला और बाद में मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने पहाड़ी पर दीप जलाने की परंपरा शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद पहाड़ी पर तीन दिसंबर को दीप जलाने श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राज्य की स्टालिन सरकार का कहना था कि इससे खून-खराबा हो सकता है। जबकि अल्पसंख्यकों की ओर से ऐसी कोई कोशिश या बयानबाजी भी नहीं हुई थी। बहरहाल, डीएमके सरकार के इस फैसले ने राज्य में पैर जमाने की कोशिश में बैठी बीजेपी को मुद्दा दे दिया। पार्टी का कहना है कि डीएमके सेक्युलरिज्म की बात करती तो है, लेकिन उसके निशाने पर सिर्फ़ हिंदू समुदाय ही रहता है। बीजेपी का आरोप है कि डीएमके ने कभी किसी गैर हिंदू परंपरा, दरगाह या आदि पर कभी कोई सवाल नहीं खड़ा किया। बीजेपी पूछ रही है कि आखिर राज्य के हिंदुओं ने कौन सी गलती की है कि उन्हें दीप जलाने के अधिकार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है।

डीएमके की पूर्ववर्ती जस्टिस पार्टी की स्थापना 1916 में हुई थी। उसका घोषित उद्देश्य एनी बेसेंट की अगुआई वाले होम रूल लीग आंदोलन का विरोध था। जस्टिस पार्टी का मानना था कि अगर होमरूल आंदोलन सफल हुआ तो तमिलनाडु में जारी ब्राह्मणवाद की वजह से ब्राह्मण अधिकारियों की तादाद बढ़ जाएगी। एक तरह से कह सकते हैं कि जस्टिस पार्टी की स्थापना ब्राह्मणवाद के विरोध के लिए हुई थी। कालांतर में उसकी ब्राह्मणवाद विरोध की राजनीति बढ़ते-बढ़ते ब्राह्मण विरोध पर केंद्रित हो गई। बाद में उसके विरोध के दायरे में हिंदी और पूरी सनातन परंपरा समा गई। यही वजह है कि स्टालिन कुनबे को हिंदुत्व की कटु आलोचना से कभी परहेज नहीं रहता। अहर्निश हिंदी विरोध और अब कार्तिगई दीपम का विरोध इसी परंपरा का विस्तार है।

विपक्षी गठबंधन को इन दिनों संविधान बचाने की बहुत चिंता है। 'संविधान खतरे में है' की आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी गठबंधन के दलों की नजर में न्याय वही है, जो उनके नैरेटिव के हिसाब से हो, अन्यथा वह सेकुलरवाद का विरोध है। राममंदिर पर सर्वोच्च न्यायाल के फैसले को ये दल अब भी दिल से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इंदिरा गांधी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनावी कदाचार के आरोप में रायबरेली का निर्वाचन खारिज कर दिया था, तब न्यायपालिका की शक्तियां ही क्षीण कर दी गईं। मोहन कुमार मंगलम तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करने लगे थे।

पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के एक बयान को लेकर भी विपक्षी गठबंधन नाराज हो गया था। शेखर ने कहा था, ये कहने में बिल्कुल गुरेज़ नहीं है कि ये हिन्दुस्तान है। यहां रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही क़ानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। क़ानून तो बहुसंख्यक से ही चलता है।

इसी अंदाज में स्वामीनाथन पर भी निशाना साधा जा रहा है। इसने एक बार फिर डीएमके और इंडिया गठबंधन की सियासी रणनीति का चेहरा उजागर किया है। डीएमके ने सेक्युलरिज्म आधारित जो प्रशासनिक मॉडल बनाया है, उसके निशाने पर सिर्फ हिंदू हैं। भगवान मुरुगन की सदियों पुरानी परंपरा को रोकना उसी मॉडल की परिणति है। डीएमके की नीति अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करना और हिंदू समुदाय के खिलाफ़ आक्रामक रहा है। राज्य में वक्फ की ज़मीनों को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। चर्च का धन भी अछूता है। लेकिन हिंदू मंदिरों के कोष पर राज्य का नियंत्रण है।

मंदिरों की जमीनें भी सरकारी नियंत्रण में है। लेकिन अब राज्य का जनमत बदल रहा है। बीजेपी की कोशिश तमिल हिंदुत्व को उभारकर अपनी बुनियाद को मजबूत करना है। वह डीएमके के इस दोहरे चरित्र को लोगों को समझाने की कोशिश में है। ऐसे में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इस बार गैर पारंपरिक रंग में नजर आ सकता है।


# चीन की कामयाबी से सबक ले रोकें प्रदूषण

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे। हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।



# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3747




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3746 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो दोस्त आपस में बातें कर रहे थे.

एक ने कहा- 'जब मैं जंगल से होकर जा रहा था, एकाएक मुझे डाकुओं ने घेर लिया. उन्होंने मेरा सब रुपया-पैसा छीन लिया.'

'मगर तुम्हारे पास तो रिवाल्वर थी?' दोस्त ने चकित होते हुए पूछा.

'था तो!'

'फिर ?'

'उस पर डाकुओं की नजर नहीं पड़ी.' दोस्त ने भोलेपन से कहा.

□ □ □

दो अफीमची बातें कर रहे थे.

एक बोला- 'मेरे पिता का मकान इतना ऊंचा था कि एक बार एक बच्चा छत पर से गिरा तो जमीन तक आते-आते वह आदमी बन गया.'

दूसरा अफीमची उससे भी दो कदम आगे था. वह बोला- 'मगर मेरे पिता का मकान तुम्हारे पिता के मकान से भी ऊंचा था. उसकी छत से एक बार एक बन्दर गिरा तो नीचे आते-आते वह आदमी बन गया.'

□ □ □

मालिक- 'सारे मजदूर दो-दो बोरियाँ उठा कर ला रहें हैं, पर तुम एक-एक बोरी ही क्यों ला रहे हो ?'

मजदूर- 'साहब वो सब आलसी हैं इसलिए दूसरा चक्कर लगाने से डरते हैं.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3747



### बायें से दायें:-

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3746



## सूडोकु -3747


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3746 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3747




### बाएँ से दाएँ

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

### ऊपर से नीचे

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली -3746 का हल



# नोएडा में उत्तराखंड महाकौथिग मेले का उद्घाटन

## सीएम धामी बोले- लोकसंस्कृति हमारी पहचान, इसे सहेजना जरूरी

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को नोएडा पहुंचे, जहां आयोजकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नोएडा स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड महाकौथिग मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह मेला 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पारंपरिक खान-पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को करीब से देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड महाकौथिग मेला राज्य की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को देश-विदेश तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।

मेले में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीआर में रहने वाले उत्तराखंड के लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, लोकनृत्य, लोकसंगीत और पारंपरिक उत्पाद हमारी पहचान हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि महाकौथिग जैसे मेलों से न केवल संस्कृति का संरक्षण होता है, बल्कि स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को रोजगार और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी मिलता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# शुल्क बढ़ाने का दूसरे दिन भी विरोध जताया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी-दो के 14 एवेन्यू में दूसरे दिन भी बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को लोगों ने सुंदरकांड का पाठ कर रखरखाव शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर नाराजगी जाहिर की। आरोप है कि प्रबंधन द्वारा सुविधा दी नहीं जा रही और रखरखाव शुल्क में वृद्धि की जा रही है।

सोसाइटी में रहने वाले अजय सिंह, रामवीर सिंह चौहान, अनिल ने बताया कि सोसाइटी में 20 टावर में करीब 4,800 फ्लैट बने हुए हैं, जिनमें करीब 3,500 से अधिक परिवार रहते हैं। यहां बिल्डर प्रबंधन द्वारा सुविधाओं में कटौती जा रही है और एक जनवरी से रखरखाव शुल्क में वृद्धि करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।शनिवार को सभी लोग परिसर में एकत्रित हुए, जहां पर उन्होंने बिल्डर प्रबंधन की 'बुद्धि शुद्धि हवन' के लिए हवन किया। वहीं, सोसाइटी के लोगों द्वारा रविवार को भी प्रदर्शन को जारी रखा। लोगों ने प्रदर्शन के स्थान पर सुंदरकांड का पाठ करते हुए अपना विरोध जताया। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, स्प्रिंकलर खराब हो रखे हैं। पार्कों की देखरेख नहीं होती है।

# शार्ट न्यूज

## दोस्त पर हत्या की कोशिश का आरोप

**रबूपुरा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला जाहनू निवासी युवक संदिग्ध हालत में गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गांव के ही निवासी अपने दोस्त के साथ नोएडा जाने की बात कहकर घर से निकाला था। पीड़ित के परिजनों ने दोस्त पर युवक की हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। रबूपुरा पुलिस को सौंपी शिकायत में रवि कुमार ने कहा है कि गुरुवार शाम को गांव का ही अजय कुमार उसके भाई मनोज को नोएडा लाइसेंस लेने जाने की बात कहकर घर से अपने साथ ले गया था। इसके करीब एक घंटे बाद दोस्त ने फोन पर सूचना दी कि मनोज रबूपुरा के चक वीरमपुर गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल हो गया है।मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में घायल को ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि मनोज के सिर की हड्डी टूट गई है। जिसका ऑपरेशन किया गया है। घायल युवक की अस्पताल में गंभीर हालत बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि वर्षों पुरानी रंजिश के चलते अजय ने मनोज को जंगल में ले जाकर जान से मारने की नियत से उसपर हमला किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आठ फर्मों पर चार लाख रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** हवा की गुणवत्ता का स्तर खराब होने पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) चार लागू है। इसकी पाबंदियों का पालन कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा गठित टीमों ने ग्रामीण क्षेत्र में भी गहन निरीक्षण शुरू कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर शनिवार को आठ फर्मों पर कुल चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण ने अगले एक साल की कार्ययोजना बनाई है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह व उनकी टीम ने क्षेत्र के पतलाखेड़ा, मंडीश्यामनगर, लड़पुरा, खेरली हाफिजपुर सहित अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया।इस दौरान निर्माणाधीन साइट के साथ सड़क के किनारे दुकानों पर निर्माण सामग्री खुले में रखी पाई गई। हरी शीट से कवर नहीं किया गया था। वाहनों की आवाजाही होने पर धूल उड़ रही थी। इस पर महेश ट्रेडर्स, मैसर्स जय श्री श्याम बालाजी ग्रुप, मोहन राम ट्रेडर्स, गोयल आरा मशीन उद्योग, दीपांशु ट्रेडर्स, प्रधान जी स्टॉक, युग ट्रेडर्स, भूमि ट्रेडर्स, महेश ट्रेडर्स आदि पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल चार लाख का जुर्माना लगाया गया। महाप्रबंधक परियोजना ने बताया कि प्रत्येक वर्क सर्किल में एक टीम सहित कुल नौ टीमें गठित की गई हैं।

## स्कूलों में आयोजन पर कार्रवाई होगी

नोएडा। ग्रैप-चार लागू होने के बाद स्कूल-कॉलेजों में बड़े आयोजनों पर नोएडा प्राधिकरण ने पूरी तरह रोक लग दी है। इसके बावजूद कुछ स्कूल कार्यक्रम कर रहे हैं। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने संबंधित स्कूलों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। बीते सप्ताह नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने प्रदूषण रोकने के लिए अलग-अलग स्तर पर काम करने की जानकारी दी थी। इसी क्रम में स्कूल-कॉलेजों में एक साथ अधिक भीड़ न जुटे, इसके लिए बड़े आयोजनों को नहीं करने के निर्देश दिए थे। अधिक लोगों के वाहनों के आने से प्रदूषण के स्तर में बढ़ोत्तरी होती है।खास बात यह है कि सीईओ के निर्देश के बाद भी कुछ बड़े स्कूल इसका पालन नहीं कर रहे हैं। इन स्कूलों की तरफ से प्राधिकरण को यह तर्क दिया गया है कि आयोजन की मंजूरी उनको सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस से पहले से मिली हुई है। तीन स्कूलों के बड़े आयोजन प्राधिकरण ने वार्ता के बाद रद्द करवाए हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जो स्कूल प्रबंधन प्रदूषण की इस गंभीर स्थिति में भी छोटे बच्चों को बुला रहे हैं और आयोजन कर रहे हैं, उनको चिन्हित किया जा रहा है। इसके बाद जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा जाएगा।

## फोनरवा की नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

**नोएडा।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने रविवार को आयोजित समारोह में शपथ ली। सेक्टर-51 के डायमंड रॉयल हॉल में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने की। समारोह में फोनरवा अध्यक्ष पद पर योगेंद्र शर्मा, महासचिव पद पर केके जैन, कोषाध्यक्ष पद पर पवन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजय भाटी, अशोक मिश्रा, देवेंद्र चौहान और उमाशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर लाटसाहब लोहिया, संजय चौहान, प्रदीप वोहरा और श्याम सिंह यादव ने शपथ ली।इसी तरह सचिव पद पर डॉ. जीएस सचदेवा, देवेन्द्र यादव, विनोद शर्मा और ओमवीर बंसल, सचिव कानूनी पद पर अशोक शर्मा, सह सचिव कोशिंदर यादव, राजेश सिंह, अनुज गुप्ता और अनीता, सह कोषाध्यक्ष पद पर भूषण शर्मा ने शपथ ली। वहीं, समारोह में चुनाव अधिकारी सेवानिवृत कर्नल शशि वैद्य, वीएस नगरकोटी, डॉ. तरसैन चंद और डीके खरबंदा को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, पूर्व विधायक सत्यवीर सिंह गुर्जर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक घर का सामान खरीदने के लिए स्कूटी पर बाजार जा रहे थे, इसी दौरान उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। सुपरटेक सीजर सोसाइटी में रहने वाले अरनव भारद्वाज ने बताया कि उनके पिता कपिल देव भारद्वाज 27 नवंबर 2025 को घर का सामान लेने निकले थे। रात को वापस नहीं आने पर परिवार ने फोन किया। जिसे किसी राहगीरों ने उठाया और उन्हें हादसे की जानकारी दी। परिजन का आरोप है कि एक कार ने ग्रीन गोल चक्कर आईटीबीपी सोसाइटी के पास उन्हें टक्कर मारी है।घटना के बाद पहले उन्हें आईवरी हॉस्पिटल सेक्टर-36 ग्रेटर नोएडा ले जाया गया, जहां से प्रथम उपचार के बाद कैलाश हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक इलाज चला, तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। इसके अलावा बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

# ग्रेटर नोएडा में पति-पत्नी पर हमला

## घर में घुसकर की मारपीट, 2 महिलाओं समेत 6 पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र के कलूपुरा गांव में एक दंपत्ति के साथ गंभीर वारदात का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने घर में घुसकर दंपत्ति के साथ मारपीट की और उन्हें नग्न कर जबरन वीडियो भी बनाई। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित छह नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, शनिवार को हुए आपसी विवाद के बाद गांव के ही नीरज, प्रभा, अनुज, कपिल, नेत्रपाल और योगेश उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर पीड़िता और उसके पति के साथ मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जबरन उनके कपड़े उतरवाए और मोबाइल फोन से वीडियो बना ली। दंपत्ति ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने और गांव से बाहर निकाल देने की धमकी भी दी।

रबूपुरा कोतवाली पुलिस के मुताबिक, सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा पुलिस लाइन में योग-मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित

## 600 पुलिसकर्मियों ने लिया भाग, तनाव कम करने पर दिया गया जोर

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की सूरजपुर स्थित रिज़र्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से योग एवं मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर रविवार को आयोजित हुआ।

कार्यक्रम ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर योजना के तहत, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशों पर किया गया। इसमें हार्टफुलनेस संस्था की टीम ने योग और मेडिटेशन सत्र का संचालन किया। टीम ने पुलिसकर्मियों को मानसिक तनाव के कारणों की जानकारी देने के साथ-साथ उससे बचाव के उपाय भी बताए।



इस दौरान पुलिस लाइन में तैनात अधिकारी-कर्मचारी और आरटीसी में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षकों ने हिस्सा लिया। हार्टफुलनेस संस्था की टीम ने योग और ध्यान के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि नियमित योग-मेडिटेशन से रक्त परिसंचरण बेहतर होता है, तनाव और चिंता में कमी आती है, मानसिक स्पष्टता बढ़ती है तथा शांति और एकाग्रता में सुधार होता है।

कार्यक्रम में करीब 600 अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त लाइन्स शैलेंद्र कुमार सिंह, हार्टफुलनेस संस्था से आर. झा, अजय इंदोलिया, अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नोएडा में 'राइडर म्यूजिक फेस्टिवल' का आयोजन

## सीपी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा मे रविवार को महिला सशक्तिकरण और सड़क सुरक्षा का एक अनोखा संगम देखने को मिला। सेक्टर 108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर राइडर म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने राइडर म्यूजिक फेस्टिवल और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का मकसद न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए जीरो फर्टिलिटी का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है।



नोएडा की सड़कों पर आज भारी संख्या में बाइकर्स का जत्था मिशन शक्ति का संदेश लेकर निकला। रैली की शुरुआत से पहले पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उपस्थित राइडर्स और युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहाँ पर राइडर्स के तीन ग्रुप्स द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण का एक पावरफुल मैसेज देने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से हम सेफ रोड्स का संदेश भी दे रहे हैं। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप ज़ीरो फर्टिलिटी डिस्ट्रिक्ट का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। हमारा उद्देश्य है कि हम खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित वातावरण दें।

यह बाइक रैली सेक्टर 108 स्थित कमिश्नरेट कार्यालय से शुरू होकर सेक्टर 116 पर जाकर संपन्न हुई। रैली में शामिल राइडर्स ने हाथों में स्लोगन और बैनर लेकर लोगों को महिला सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजीव नारायण मिश्रा (जॉइंट पुलिस कमिश्नर) डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण सिंह एसीपी प्रवीण कुमार मौजूद थे।

# ग्रेटर नोएडा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित चांदपुर गांव में ग्राम समाज और तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों ने शनिवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम को शिकायती पत्र भेजकर इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि कुछ भूमाफिया किस्म के लोग सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर पक्के निर्माण करा रहे हैं।

गांव निवासी बृजमोहन ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि ग्राम समाज और तालाब की जमीन पर लंबे समय से कुछ लोगों की नजर है। आरोप है कि पहले भी इस भूमि पर अवैध निर्माण शुरू किया गया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सदर तहसील के अधिकारियों से की थी। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद तब निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था।

हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ समय बाद दबंगों ने उसी भूमि पर दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया। तालाब और ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे से गांव के लोगों को परेशानी हो रही है। तालाब की भूमि पर निर्माण से जल निकासी और जल संरक्षण भी प्रभावित हो रहा है।

# नोएडा पुलिस ने मोबाइल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया

## नाबालिगों से चोरी करवाकर बेचते थे फोन, 10 बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है। इनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई एक शिकायत के बाद की गई। शिकायतकर्ता चोटपुर कॉलोनी, सेक्टर-63, नोएडा में अपनी कंपनी से घर लौट रहे थे। सब्जी खरीदने के लिए रुकने पर भीड़ का फायदा उठाकर उनकी जेब से INFINIX कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। थाना सेक्टर-63 पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जे-ब्लॉक, सेक्टर-63, नोएडा की ग्रीन बेल्ट से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही, चार बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लिया गया। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि यह गिरोह कंपनियों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले पैदल यात्रियों की जेब से भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल फोन चुराता था। वे नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर वर्करों के कमरों, पीजी या घरों से भी मोबाइल फोन चोरी करवाते थे। चोरी किए गए मोबाइलों को बेचकर नाबालिगों को कुछ पैसे दिए जाते थे।

## ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को मारी टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रविवार देर शाम तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह गांव रौनीजा के पास हुई। रौनीजा गांव निवासी देव प्रकाश का पौत्र विशाल अपनी स्विफ्ट कार से नोएडा जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव से थोड़ा आगे रॉन्ग साइड से आ रहे एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# पार्कों में कपल्स का फोटो खींचकर लूटने ब्लैकमेल करने वाले 'एर्टिगा गैंग' के 3 बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा। वकार सैफी।** सेक्टर-58 थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर गैंग का भंडाफोड़ किया है, जो पार्कों में बैठे नए जोड़ों और सड़क पर चलने वाले अकेले व्यक्तियों को अपना निशाना बनाता था। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन शातिर बदमाशो —रितेश, गजेंद्र सोलंकी और पवन उर्फ गुंडी—को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और लूटा हुआ 12 मोबाइल फोन, एर्टिगा कार और तमंचा और चाकू बरामद किया है। बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे रितेश, गजेंद्र सोलंकी और पवन उर्फ गुंडी थाना 58 पुलिस ने छोटा डी पार्क, सेक्टर-62 की ओर जेपी कॉलेज वाली रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। इनके अप्राध करने का तरीका




अनोखा था, ये तीनो एर्टिगा कार में सवार होकर पार्कों के पास घूमते रहते थे और इनके निशाने पर पार्कों में बैठे नये कपल्स होते थे. यए गैंग चोरी-छिपे फोटो खींच लेते थे और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर, डरा-धमकाकर उनके मोबाइल और पैसे छीन लेते थे। इतना ही नहीं, रात के अंधेरे में ये अकेले जा रहे राहगीरों और डिलीवरी बॉयज से भी स्नैचिंग करते थे. 20 दिसंबर की रात, इस गैंग ने सेक्टर-62 के पास एक ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय से भी मोबाइल छीना था, जिसकी रिपोर्ट थाना सेक्टर-58 में दर्ज थी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर 22 दिसंबर को किसान महापंचायत

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेतृत्व में 22 दिसंबर को यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर एक किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

इस महापंचायत में बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी शामिल होंगे। महापंचायत की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज बीकेयू कार्यकर्ता जीरो पॉइंट पर पहुंचे।

बीकेयू के जिलाध्यक्ष रॉबिन नागर ने बताया कि क्षेत्र के किसान कई वर्षों से तीनों प्राधिकरणों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्राधिकरणों ने विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ और पुश्तैनी जमीनें कम दामों पर अधिग्रहित कर लीं, लेकिन आज भी किसान मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकने को मजबूर हैं।

बीकेयू द्वारा समय-समय पर धरना-प्रदर्शन, महापंचायत और प्रशासनिक वार्ताएं आयोजित करने के बावजूद किसानों की समस्याएं अनसुलझी बनी हुई हैं। इस स्थिति के लिए यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) और संबंधित जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया है।

क्षेत्रीय किसानों की लगातार उपेक्षा और गंभीर परिस्थितियों के मद्देनजर, बीकेयू ने 22 दिसंबर (सोमवार) को ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे जीरो पॉइंट पर एक विशाल किसान महापंचायत का आयोजन करने का निर्णय लिया है। संगठन ने कहा है कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और प्राधिकरण की होगी।

### किसानों की प्रमुख मांगों में शामिल हैं

यमुना एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि वाले गौतम बुद्ध नगर से लेकर अलीगढ़, हाथरस, आगरा और मथुरा तक के सभी किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड प्रदान किया जाए।

इसके अतिरिक्त, यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर सर्विस रोड का शीघ्र निर्माण किया जाए। जेवर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रभावित और विस्थापित किसानों को विस्थापन नीति में संशोधन कर वर्ष 2023 के मानकों के अनुसार उनकी भूमि और संपत्ति का उचित मुआवजा दिया जाए।

किसानों की एक अन्य मांग है कि प्रभावित सभी जनपदों में स्थानीय किसानों और उनके परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

विशेष रूप से, जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों के बच्चों को एयरपोर्ट में रोजगार सुनिश्चित किया जाए।

बीकेयू ने बताया कि इन मांगों के अलावा भी किसानों की कई अन्य लंबित मांगें हैं।

## भूजल दोहन करने पर शिकायत

**नोएडा।** सेक्टर-44 में निर्माणाधीन एक बिल्डर परियोजना के काम में अवैध रूप से भूजल दोहन और पेड़ों की कटाई को लेकर डीएम और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। छलेरा गांव के लोगों का आरोप है कि एक बिल्डर की आवासीय परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां अवैध रूप से भूजल दोहन किया जा रहा है, जिससे गांव में भूजल तेजी से गिर रहा है। इसके अलावा बिना अनुमति के पेड़ काटे जा रहे हैं। पत्र में लोगों ने कहा है कि साइट का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। शिकायतकर्ताओं में भाजपा के नोएडा महानगरध्यक्ष महेश चौहान सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

# जिले में 24 स्थानों पर लगाया ओटीएस का शिविर, 350 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

**नोएडा।** विद्युत निगम अब एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को सफल बनाने के लिए रविवार को जिले में 24 से अधिक स्थानों पर शिविर लगाए गए। शिविर के माध्यम से बकायेदारों को योजना के लाभों की जानकारी भी दी जा रही है। इसके साथ ही शिविर में रविवार को 350 से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया।

विद्युत निगम के अधीक्षण् अभियंता वाणिज्यिक रितेश आंदन ने बताया कि जिले में बकायेदार उपभोक्ताओं और बिजली चोरी के संलिप्त उपभोक्ताओं के लिए ओटीएस योजना चल रही है। जिले में ऐसे 80 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ता है। इन उपभोक्ताओं पर विद्युत निगम का 90 करोड़ रुपये का बिल बकाया है।इन बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए विद्युत निगम द्वारा एक दिसंबर से ओटीएस योजना चलाई जा रही है। विद्युत निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि पहले चरण के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सके।

उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत 31 दिसंबर तक शिविर जारी रहेगा। इसी तरह क्रम से दूसरे और तीसरे चरण में फरवरी 2026 तक योजना लागू रहेगी। पहले चरण में पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान कराने वाले उपभोक्ताओं का सरचार्ज के साथ बकाया बिल पर भी 25 फीसदी की छूट मिलेगी। इसी तरह दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के बाद 30 दिनों में बकाया राशि का भुगतान कराने पर 20 प्रतिशत तक की मूलधन पर छूट मिलेगी। इसी तरह तीसरा और अंतिम चरण एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें पंजीकरण कराने के 30 दिनों में पूर्ण भुगतान करने पर 15 प्रतिशत तक की बकाया बिल पर छूट मिलेगी।

# लखनऊ में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## पड़ोसी ने लात मारकर गेट खुलवाया-रॉड से पीटा; गिरफ्तार, पिता बोले- बहू ने मार डाला



दुबग्गा। लखनऊ में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान 30 वर्षीय शिव प्रकाश के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और उसकी बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

घटना शनिवार आधी रात पारा थाना क्षेत्र के पूर्वीदीन खेड़ा में हुई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भदेसरमऊ के रहने वाले शिव प्रकाश पूर्वीदीन खेड़ा में पत्नी के साथ रहते थे। उनके पिता शिवदीन ने बताया- बेटे शिव प्रकाश की पत्नी सविता का पड़ोसी सतीश से अवैध संबंध है। उसने मेरे बेटे की हत्या कराई है। इसमें उसकी बहन कविता ने भी साथ दिया है। वहीं, सविता ने कहा- सतीश पर पति की हत्या की है। बीच-बचाव के दौरान मुझे भी पीटा है। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में इस्तेमाल लोहे की रॉड बरामद कर ली है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतक शिव प्रकाश की पत्नी सविता से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी भनक शिव प्रकाश को हो गई थी। मृतक की पत्नी सविता व उसके प्रेमी सतीश गौतम ने साजिश कर शिवप्रकाश के सिर पर लोहे की पाइप से वार करके उसकी हत्या कर दी।

### घर के बाहर लोहे के रॉड से पीटकर मार डाला

शिव प्रकाश की पत्नी सविता ने बताया- घर से करीब 200 मीटर दूर रहने वाले सतीश से मेरे पति का पुराना विवाद चल रहा है। सतीश के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इससे सतीश हमारे परिवार से रंजिश रखता है। शनिवार रात करीब 1 बजे वह घर के बाहर पहुंचा। गाली-गलौज करते हुए घर के गेट पर लात मारने लगा।

शोर-शराबा सुनकर पति ने गेट खोला। गेट खुलते ही सतीश पति को घसीटते हुए सड़क पर ले गया। वहां लोहे के रॉड से उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। मैं बचाने पहुंची तो मुझे भी पीटा। पति को मरा समझकर मौके से भाग गया। पड़ोसियों की मदद से मैं पति को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भदेसरमऊ के रहने वाले शिवदीन ने बताया- मेरा बेटा शिव प्रकाश पूर्वीदीन खेड़ा में झोपड़ी बनाकर रहता था। वहां से रोज मजदूरी करने अलग-अलग स्थानों पर जाता था। शनिवार आधी रात करीब ढाई बजे सविता ने मुझे फोन किया। उसने कहा कि सतीश ने शिव प्रकाश को मार डाला है। उसके बाद उसने फोन काट दिया। मैं लगातार फोन करता रहा, लेकिन फिर रिसीव नहीं किया।

### बहू का पड़ोस सतीश से अवैध संबंध है

शिवदीन ने बताया कि सविता से सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे। पता चला कि बेटे को पीट-पीटकर मार डाला गया है। उन्होंने इसकी पारा थाने में शिकायत दी। उन्होंने कहा- शिव प्रकाश की पत्नी सविता का पड़ोसी सतीश से अवैध संबंध है। इसकी शिव प्रकाश को जानकारी हुई तो उसने विरोध किया था।

# पुलिस ने 95 हजार रुपये के 05 मोबाइल वापस किए



**ललितपुर** । जाखलौन थाने की साइबर टीम ने लोगों के गुम हुए 05 मोबाइल फोन वापस लौटाए तो फोन मालिकों की खुशी का ठिकाना नही रहा। फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लौटाए गए मोबाइल फोन की कीमत 95 हजार रूपये बताई गई है। जिसमे अलग अलग कंपनी के मोबाइल शामिल है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी ।

थाना जाखलौन पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 05 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया ।

पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना जाखलौन पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी ।

बरामद करने वाली टीम प्रभारी उ. नि. संजय सिंह थाना जाखलौन का. ऑ. विवेक राज मिश्र थाना जाखलौन कां. अजय पाल थाना जाखलौन कां. संजय अवस्थी थाना जाखलौन मोबाइल फोन गिरने/खोने पर क्या करें।

# पत्नी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**बीसलपुर।** घर से बाहर शाम आठ बजे कूड़ा डालने गई महिला से योजनाबद्ध तरीके से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कटैया निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी शाम आठ बजे घर के बाहर कूड़ा डालने गई थी तभी योजनाबद्ध तरीके से गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र प्यारे लाल, राजू पुत्र ढाकन लाल ने चाकू की नोक पर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया शोर शराबा सुनकर पीड़ित का भाई दौड़कर आया इसी बीच जगदीश, प्यारे लाल, राजेन्द्र, विनोद कुमार लाठी डंडे भाला कांता लेकर निकल आए और मार-पीट करने लगे शोर शराबा सुनकर रामदास व सनी बचाने के लिए आए उक्त लोगों पर भी हमला कर दिया जिससे सनी पुत्र रामदास, विशु, भूपराम, बाबूराम के गंभीर चोटें आई हैं पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिजनौर में मां ने छोड़ा नवजात हाथी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मिली नई 'मां'

## जन्म के एक दिन बाद हथिनी ने छोड़ा था शिशु, शासन के निर्देश पर पीटीआर लाकर की जा रही विशेष निगरानी में देखभाल

**पीलीभीत।** बिजनौर में जन्म के कुछ ही समय बाद हथिनी द्वारा छोड़े गए नवजात हाथी को अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में नया सुरक्षित ठिकाना मिल गया है। शासन के निर्देश पर पूरी सतर्कता बरतते हुए वन विभाग की विशेष टीम शिशु हाथी को पीटीआर लाई, जहां माला रेंज में उसकी देखरेख की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नन्हे हाथी के संरक्षण के लिए अलग से सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। उसके पोषण, गर्माहट और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पीटीआर की हथिनी निसर्गा अब उसकी देखभाल कर रही है और मां की



भूमिका निभा रही है। साथ ही कर्नाटक से लाए गए हाथी सूर्या और मणिकांत को भी उसके पास रखा गया है, ताकि वह प्राकृतिक माहौल में खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। वन्यजीव विशेषज्ञों और डीएफओ की अगुवाई में नवजात हाथी को बिजनौर से पीलीभीत लाया गया। यहां उसके रहने के लिए अलग स्थान चिन्हित किया गया है। पोषण के लिए उसे लेक्टोजिन दिया जा रहा है, जबकि ठंड से बचाव के लिए अंगीठी और अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। वन विभाग की टीम 24 घंटे उसकी गतिविधियों और स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।

### पीटीआर में पहली बार मिली जिम्मेदारी

पीटीआर के डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में यह पहला अवसर है, जब किसी नवजात हाथी के सर्वाइवल और संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन के निर्देशों के तहत विशेषज्ञों की निगरानी में पूरी सावधानी के साथ बच्चे की देखभाल की जा रही है।

### कमजोर काया के कारण छोड़ा गया था शिशु

जानकारी के अनुसार, 2 दिसंबर को बिजनौर में हथिनी ने शिशु हाथी को जन्म दिया था, लेकिन अगले ही दिन उसकी कमजोर काया के कारण उसे छोड़ दिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने नवजात को सुरक्षित कर संरक्षण की प्रक्रिया शुरू की और अंततः उसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व भेजने का निर्णय लिया।

# जिरौनिया चौकी पुलिस सोने मे मस्त और चोर चोरी करने मे दुरुस्त

## पौटा कलां मे हाइवे पर स्थित दुकानो पर चोरो का आतंक व्यापारियो मे दहशत







**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के पौटा कलां मे बीती शुक्रवार की रात को चोरो ने पांच खोखो को बनाया निशाना। पांच दिन पूर्व कस्बा के पिपरिया मंडल रोड पर स्थित एक आढ़त मे चोरी घटना अभी ठंडी नही पड़ी कि पौटा कलां के मैन पर चोरो ने बृहस्पतिवार की रात इंडियन बैक मे चोरी का प्रयास किया। वही चोरो के द्वारा बैक मे चोरी करने मे असफल होने पर शुक्रवार की रात सीधे जिरौनिया पुलिस चौकी को चुनौती देकर मेन रोड हाइवे पर पान-बीडी परचून और रेडिमेड, हेयर कटिग,मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के खोखो को पीछे से काटकर नगदी सहित हजारो का कीमती समान उड़ा दिया।

पीड़ित अशफाक पुत्र इरशात ने जानकारी देते हुए बताया मेरी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का खोखा है चोरो ने पीछे की तरफ से खोखा काट दिया और औजार सहित कीमती समान निकाल ले गए जो लगभग 15000 हजार रुपए के कीमत का था।बबलू हेयर कटिंग से दाढ़ी-बाल काटने की मशीन और कैची ले गए।शाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद अलीम ने बताया कि मेरा परचनी की दुकान का खोखा है जिसके चोरो ने ताले तोड़कर खोखे मे से दो सौ रुपए रखे थे और रेजगारी समेत लगभग 1200 सौ रुपए का समान निकाल ले गए।वही अब्बास वसीम रेडिमेड की दुकान को पीछे की तरफ से लोहे के खोखे की चादर काट दी लेकिन चोरी करने मे सफल नही हुए चोर।सभी खोखे मैन रोड पर स्थित है।वही पीड़ित दुकनदारो ने बताया है अगर रात्रि मे पुलिस प्रट्रोलिग गस्त हो रही है तो चोरी की वारदात कैसे हो रही है।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार का कराया पुनर्मिलन





**ललितपुर** । पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 01 परिवार खुशी-खुशी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डॉ.दीपक चौबे, सुभाष जैन, डॉ0 एस पी पाठक, डॉ0 जनक किशोरी शर्मा,अरमान अजीज कुरैशी, नई किरण में महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन व महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा ।

# बांदा में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, जीजा-साली की मौत

**बांदा।** बांदा के तिंदवारी थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार जीजा-साली की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

हादसा भुजरख गांव निवासी रोहित यादव (20) और उसकी साली शांती के साथ हुआ। रोहित अपनी साली को बाइक से उसके गांव दुरई माफी (बिसंडा) छोड़ने जा रहा था। गांव से निकलने के बाद वे तिंदवारी कस्बे में पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहले पीएचसी तिंदवारी ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने शांती को मृत घोषित कर दिया। वहीं रोहित की हालत गंभीर बनी रही। परिजन उसे महाराणा प्रताप चौक स्थित एक निजी अस्पताल ले गए।

# साइबर अपराध से बचाव को चलाया गया जागरुकता अभियान

**ललितपुर** । सौजना पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस व थाना सौजना टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक





किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

# छात्राओं व महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं



बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें ।

# मथुरा में रोड एक्सीडेंट में मासूम की मौत

**मथुरा।** मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के लोहवन गांव में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घर के बाहर खेल रहा बच्चा सड़क पर आ गया, तभी एक तेज रफ्तार ईको कार ने उसे टक्कर मार दी। घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, लोहवन निवासी मोहित दिवाकर का दो वर्षीय पुत्र हर्ष रविवार दोपहर करीब तीन बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह सड़क की ओर चला गया। इसी दौरान सामने से आ रही ईको कार ने उसे कुचल दिया। आसपास के लोगों ने बच्चे को कार की चपेट में आते देख शोर मचाया। शोर सुनकर चालक ने कार सड़क पर ही रोक दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और गंभीर रूप से घायल बच्चे को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

# शार्ट न्यूज

## पत्नी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**बीसलपुर।** घर से बाहर शाम आठ बजे कूड़ा डालने गई महिला से योजनाबद्ध तरीके से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कटैया निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी शाम आठ बजे घर के बाहर कूड़ा डालने गई थी तभी योजनाबद्ध तरीके से गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र प्यारे लाल, राजू पुत्र ढाकन लाल ने चाकू की नोक पर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया शोर शराबा सुनकर पीड़ित का भाई दौड़कर आया इसी बीच जगदीश, प्यारे लाल, राजेन्द्र, विनोद कुमार लाठी डंडे भाला कांता लेकर निकल आए और मार-पीट करने लगे शोर शराबा सुनकर रामदास व सनी बचाने के लिए आए उक्त लोगों पर भी हमला कर दिया जिससे सनी पुत्र रामदास, विशु, भूपराम, बाबूराम के गंभीर चोटें आई हैं पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## डीसीएम-बाइक की टक्कर, युवक की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के कोतवाली तालगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार डीसीएम ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हादसा क्षेत्र के मेंहदीपुरवा चौराहे पर हुआ। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या यूपी 34 बीजे 5266 पर सवार पुजारी पुत्र रमेश निवासी लहरपुर, संजय पुत्र रामसागर तथा नरेंद्र पुत्र रामलखन निवासी लालपुर बाजार से बगैर हेलमेट लगाए लहरपुर की तरफ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डीसीएम ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक पर सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पुजारी पुत्र रमेश को मृत घोषित कर दिया।

## मथुरा के नौगांव में बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

**मथुरा।** मथुरा के थाना छाता क्षेत्र के गांव नौगांव में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के कुछ युवकों पर शराब पिलाकर मारपीट करने और रुपए लूटने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि मारपीट के बाद बुजुर्ग की हालत बिगड़ गई थी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, 9 दिसंबर को गांव के कुछ नामजद युवक बुजुर्ग को अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि वहां उन्हें जबरन शराब पिलाई गई और इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। इसी दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग की जेब से करीब 70 हजार रुपए भी निकाल लिए। मारपीट के बाद बुजुर्ग की तबीयत गंभीर हो गई। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा था। रविवार सुबह करीब 10 बजे उपचार के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने इस घटना की जानकारी पहले ही पुलिस को दी थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## झांसी में खेत से लौटे किसान की मौत

**झांसी।** झांसी में रविवार को एक किसान की मौत हो गई। बेटे ने बताया कि पिता खेत से लौटे तो उनको हाथ-पैर में दर्द हो रहा था। पिता ने दवा खा ली। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। तब उनको मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला टहरौली थाना क्षेत्र के पथरेड़ी गांव का है। मृतका का नाम थानसिंह (50) पुत्र भजनलाल रायकवार था। वह टहरौली के पथरेड़ी गांव का रहने वाला था। मृतक के बेटे रोहित ने बताया कि मेरे पिता थानसिंह खेती किसानी करते थे। रविवार सुबह वह खेत पर गए थे। लौटकर आए तो बोले कि हाथ-पैर दर्द कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने दवा खा ली और लेट गए। थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। आनन फानन में उनको मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानसिंह की एक बेटी कपूरी और एक बेटा रोहित है। दोनों की शादी हो चुकी है। पत्नी सुक्कन की लगभग 20 साल पहले मौत हो गई थी।

## पुलिस ने 12 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** अंबेडकरनगर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बेवाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक साथ 12 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में की गई। थाना बेवाना पुलिस की विशेष टीम ने क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अक्षय कुमार (स्वतंत्र प्रभार) और प्रभारी निरीक्षक सर्वदमन सिंह के मार्गदर्शन में इन अभियुक्तों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए वारंटी अभियुक्तों में राम सूमत (66), रमेश (45), विनोद (30), शेरबहादुर (27), सत्यप्रकाश (38), अनंत प्रकाश (29), सभाजीत (53), मिन्ता (40), रवि (25), रिंकू (25), अजय (27) और संतराम (68) शामिल हैं। ये सभी थाना बेवाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं और लंबे समय से न्यायालय से जारी वारंटों की अनदेखी कर फरार चल रहे थे। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश कर दिया है।

## अवैध संबंध में रोड़ा बना तो पति की कराई हत्या

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में 17 दिसंबर को सड़क पर मिले इलेक्ट्रीशियन की लाश की पड़ताल पूरी हो गई है। जांच में पता चला है कि वह आगरा का रहने वाला राजकुमार (45) था। अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर पत्नी ज्योति ने दिव्यांग बॉयफ्रेंड बाबी संग उसकी हत्या की साजिश रची थी। बाद में बॉयफ्रेंड के दोस्तों को डेढ़ लाख रुपए की सुपारी देकर पति की हत्या करा दी। मर्डर के बाद लोधा थाना क्षेत्र के हैवतपुर और अकरावत गांव के रास्ते पर लाश को फेंक दिया था। पुलिस ने पत्नी, प्रेमी और उसके एक दोस्त को हिरासत में लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी। पुलिस लाइन में रविवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने बताया कि लोधा थाना क्षेत्र में 17 दिसंबर को हैबतपुर-अकरावत के रजवाहे के पास सड़क पर शव मिला था। सुबह इसकी जानकारी खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर साक्ष्य एकत्रित किए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फर्जी बैनामा कराने वाली महिला अरेस्ट

*सहारनपुर* । सहारनपुर के देवबंद में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। थाना देवबंद पुलिस ने फर्जी बैनामा कर धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें ऐसे प्लॉट का बैनामा करा दिया, जो वास्तव में किसी और के नाम पर दर्ज था। थाना देवबंद के सांपला रोड निवासी मनीष सेठ ने 11 अक्टूबर 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने एक ऐसे प्लॉट का बैनामा उनके नाम करा दिया, जो उनका नहीं था। बैनामा कराने के नाम पर उनसे 15 लाख रुपए ले लिए गए। जब पीड़ित को ठगी का पता चला और उसने विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट की। साथ ही, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 22 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में आम चुनाव कानून में संशोधन, जारी हुआ अध्यादेश

**काठमांडू, एजेंसी।** पाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को आम चुनाव से जुड़े प्रावधानों में संशोधन के लिए एक अध्यादेश जारी किया। यह अध्यादेश प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर लाया गया है। इससे पहले 12 सितंबर को राष्ट्रपति पौडेल ने प्रतिनिधि सभा चुनाव की तारीख 5 मार्च 2026 घोषित की थी। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, प्रतिनिधि सभा चुनाव (पहला संशोधन) अध्यादेश का उद्देश्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सीटों के आवंटन को वर्ष 2021 की नवीनतम जनगणना के आधार पर तय करना है। 2021 की जनगणना के मुताबिक, नेपाल की कुल जनसंख्या 2 करोड़ 91 लाख 64 हजार 578 है।

### पलमायरा में हुए हमले को आईएस ने बताया गंभीर चोट

**पलमायरा, एजेंसी।** इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने अपने टेलीग्राम चैनल पर सीरिया के प्राचीन शहर पलमायरा में अमेरिकी पेंटागन कर्मियों की मौत को अमेरिका और उसके समर्थित सीरियाई गुटों पर चोट बताया है। बीते शनिवार एक हमलावर ने अमेरिकी और सीरियाई बलों के काफिले को निशाना बनाया था। इसमें दो अमेरिकी सैनिक और एक दुभाषिया मारे गए थे, जबकि तीन सैनिक घायल हुए। हमलावर को मौके पर ही मार दिया गया।

### ब्राजील संसद ने बोलसोनोरो के बेटे एडुआर्डो को पद से हटाया

**ब्राज़िलिया, एजेंसी।** ब्राजील की संसद ने पूर्व राष्ट्रपति जाइर बोलसोनारो को बड़ा झटका देते हुए उनके बेटे एडुआर्डो बोलसोनारो और पूर्व खुफिया प्रमुख अलेक्जांद्रे रामाजेम को सांसद पद से हटा दिया। हाउस स्पीकर ह्यूगो मोट्टा के जारी आदेश संसद के जर्नल में प्रकाशित किया गया। एडुआर्डो बोलसोनारो फरवरी में टेक्सास जाने के बाद से इस साल 80 फीसदी से अधिक सत्रों में अनुपस्थित रहे, जो सदन के नियमों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। वह खुद को राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार बताते हुए अमेरिका में ट्रंप प्रशासन से अपने पिता की सजा बदलवाने की कोशिश करते रहे हैं।

### गाजा में इस्राइली गोलीबारी, बच्चे समेत 5 फलस्तीनी मारे गए ; युद्धविराम पर फिर संकट

**गाजा , एजेंसी।** गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्से में शुक्रवार को इस्राइली सेना की गोलीबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें एक नवजात बच्चा भी शामिल है। स्थानीय अस्पताल के अनुसार यह घटना गाजा सिटी के पूर्वी इलाके तुफ्फाह में हुई, जहां घायल और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। शिफा अस्पताल के निदेशक रामी महन्ना ने बताया कि गोलीबारी में पांच लोगों की जान चली गई। वहीं इस्राइली सेना का कहना है कि उसके जवानों ने येलो लाइन के पश्चिम में कुछ संदिग्ध लोगों की पहचान की थी, जिसके बाद फायरिंग की गई। सेना ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचने पर उसे खेद है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 70 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें करीब आधे महिलाएं और बच्चे हैं। हालांकि मंत्रालय लड़ाकों और आम नागरिकों में अलग-अलग आंकड़े नहीं देता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय आमतौर पर उसके आंकड़ों को विश्वसनीय मानता है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य-पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ ने गाजा युद्धविराम को आगे बढ़ाने के लिए मध्य-पूर्वी देशों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की योजना बनाई है। बातचीत का मकसद युद्धविराम के दूसरे और ज्यादा जटिल चरण को आगे बढ़ाना बताया जा रहा है।

### भीख मांगने पर हजारों पाकिस्तानी निर्वासित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भीख मांगने के आरोप में हजारों पाकिस्तानियों को विभिन्न देशों से निर्वासित किया गया है, जबकि इस साल हजारों लोगों को हवाई अड्डों पर अवैध यात्रा के संदेह में रोका गया। आगा रफीउल्लाह की अध्यक्षता में ओवरसीज के सत्र में एफआईए महानिदेशक ने प्रवर्तन कार्रवाइयों पर कहा, इस साल सऊदी अरब ने भीख मांगने के आरोप में 24000 लोगों को वापस भेजा।

# सिंगापुर से बांग्लादेश लाया गया उस्मान हादी का शव, अंतिम संस्कार भी बन गया बड़ी चुनौती

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से ही बांग्लादेश जल रहा है। कानून व्यवस्था की चुनौती के बीच शुक्रवार को उस्मान हादी का शव सिंगापुर से ढाका लागा गया है। शनिवार को ही उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किया जा सकता है। हालांकि बांग्लादेश की सरकार के लिए यह बड़ी चुनौती है। देश में आक्रोश अभी थमा नहीं है और उपद्रव का आशंका बनी हुई है। युवा नेता शरीफ उस्मान हादी को छह दिन पहले गोली मार दी गयी थी। वह जुलाई में सरकार के विरूद्ध हुए हिंसक प्रदर्शनों में एक प्रमुख चेहरा थे।

पुलिस के अनुसार, हादी का शव सिंगापुर से ढाका पहुंचने के कुछ ही समय बाद, कथित कट्टरपंथी दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने राजधानी में वामपंथी विचारधारा वाली उदिची शिल्पीगोष्ठी के मुख्य कार्यालय में आग लगा दी। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उदिची के कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में पुलिस, बीजीबी और सेना के जवान तैनात हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार रात हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई जिनमें चट्टगांव में भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर पथराव भी शामिल है। ये घटनाएं मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए हादी की मौत की पुष्टि करने के बाद हुई।

**कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया शव :** इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी का शव कड़ी सुरक्षा और व्यापक जन शोक के बीच विमान बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान से स्थानीय समयानुसार शाम लगभग छह बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एचएसआईए) पर लाया गया। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने बिमान के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) बोशरा इस्लाम के हवाले से दी। एजेंसी के अनुसार, हादी के शव को हवाई अड्डे से बाहर ले जाते समय सुरक्षा बनाए रखने के लिए बांग्लादेश सेना, सशस्त्र बल बटालियन (एएफबी) और पुलिस के सदस्यों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया था। बीएसएस ने बताया कि सिंगापुर जनरल अस्पताल में हादी की मौत से राजनीतिक हलकों, इंकलाब मंच के कार्यकर्ताओं और आम जनता में व्यापक शोक की लहर दौड़ गई।

युनूस ने शनिवार को एक दिन की राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्य सलाहकार की प्रेस शाखा के अनुसार, हादी की जनाजे की नमाज शनिवार को दोपहर दो बजे संसद के साउथ प्लाजा में अदा की जाएगी। उसमें शामिल होने के इच्छुक लोगों से विशेष अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ कोई बैग या भारी सामान न लाएं। इंकलाब मंच ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''परिवार की इच्छा के अनुसार, हादी को राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम



की कब्र के बगल में दफनाने का फैसला लिया गया है। पार्टी ने यह भी घोषणा की कि शव को सार्वजनिक रूप से देखने की अनुमति नहीं होगी। उसने लोगों से शांति बनाए रखते हुए हादी के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध किया। गुरुवार को युनूस की घोषणा के शीघ्र बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों पर हमला किया, 32 धानमंडी में तोड़-फोड़ की और राजशाही सिटी में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भंग हो चुकी पार्टी आवामी लीग के एक कार्यालय को भी ध्वस्त कर दिया। बांग्लादेश की स्वतंत्रता से पहले, दशकों तक स्वाधीनता के लिए संघर्ष का केंद्र रहे 32 धानमंडी को इस साल पांच फरवरी को बुल्डोजरों से ध्वस्त कर दिया गया था। इससे पहले पांच अगस्त 2024 को उस समय की आवामी लीग सरकार के पतन के बाद मुजीबुर्रहमान के आवास को आग भी लगा दी गई थी। चट्टगांव में प्रदर्शनकारियों ने भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर बृहस्पतिवार और शुक्रवार देर रात 1:30 बजे पथराव भी किया। हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी एवं लाठीचार्ज किया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायक उच्चायुक्त की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। ढाका में, प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सांस्कृतिक समूह 'छाया नाट' के कार्यालय पर हमला किया और फर्नीचर बाहर निकाल कर आग लगा दी। देश के अन्य हिस्सों से भी हिंसा की खबरें हैं। मैमनसिंह में ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई। 'बांग्ला ट्रिब्यून' समाचार पोर्टल के अनुसार मृत व्यक्ति की पहचान दीपू चंद्र दास (25) के रूप में हुई, जो मैमनसिंह शहर में एक कारखाने में काम करते थे। अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बयान में कहा गया, 'इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।' स्थानीय मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया कि सिंगापुर से विमान के ढाका में उतरने के बाद हादी के समर्थक हवाई अड्डे से शाहबाग तक सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े थे।

उनके पार्थिव शरीर को ढाका विश्वविद्यालय की केंद्रीय मस्जिद में सार्वजनिक सभा के लिए ले जाया जाना था। पिछले सप्ताह ढाका के बिजोयनगर इलाके में अपना चुनाव प्रचार शुरू करते समय हादी को नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी। छह दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। गुरुवार रात को, जुलाई विद्रोह का नेतृत्व करने वाले और हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने वाले 'स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी)' के एक बड़े सहयोगी संगठन, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने ढाका विश्वविद्यालय परिसर में शोक जुलूस में भाग लिया। इस समूह के समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि हादी के हमलावर हत्या करने के बाद भारत भाग गए।

### नेपाल : राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने रिहा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सभापति रवि लामिछाने शुक्रवार शाम रुपनदेही जिला अदालत से जमानत पर रिहा हो गए। तुलसीपुर हाईकोर्ट के आदेश पर कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए वह शाम 5:37 बजे अदालत पहुंचे। अदालत के सूचना अधिकारी पदम अर्याल ने बताया, बुटवल पीठ के आदेशानुसार कुछ शर्तों और बैंक जमानत के कागजात जमा करने के बाद उन्हें रिहा किया गया। लामिछाने बुटवल स्थित सुप्रीम सहकारी संस्था से जुड़े ठगी और संगठित अपराध के मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद थे। उन्हें 2.74 करोड़ रुपये की जमानत राशि जमा करने के बाद रिहाई मिली।

### भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी ठहराते हुए दोनों को 17-17 साल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला लंबे समय से चल रहे केस में सुनाया गया है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत अब स्थिर

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की चेयरपर्सन खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति अब अधिक स्थिर है। उनकी निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी हालत में अब कोई गिरावट नहीं आई है। खालिदा जिया 23 नवंबर से ढाका के एवरकेयर हॉस्पिटल में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उपचाराधीन हैं और बाद में उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया था। 11 दिसंबर को उन्हें फेफड़ों और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को आराम देने के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था।

डॉक्टर हुसैन ने कहा कि पिछले महीने में उनकी शारीरिक स्थिति काफी स्थिर रही है। शुक्रवार को उनका एक छोटा चिकित्सीय उपचार भी सफलतापूर्वक



किया गया, जिसे उन्होंने आसानी से स्वीकार कर लिया। उनके बेटे और ब्न्हक के कार्यवाहक अध्यक्ष तरीक रहमान 25 दिसंबर को लंदन से लौटेंगे, जिससे उनके 17 वर्षों के स्वदेश से निर्वासन का अंत होगा।

## पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला, सुसाइड बॉम्बर ने मिलिट्री पोस्ट को उड़ाया; 4 सैनिक मरे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके उत्तर वजीरिस्तान में शुक्रवार को एक बड़ा आतंकी हमला हुआ। सुसाइड कार बॉम्बर और तीन बंदूकधारियों ने एक गांव के पास स्थित सैन्य चौकी पर हमला किया, जिसके बाद घंटों चली गोलीबारी में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। इस हमले में कम से कम 15 नागरिक घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना और स्थानीय पुलिस के अनुसार, यह इलाका खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आता है, जो अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और अतीत में पाकिस्तानी तालिबान तथा अन्य उग्रवादी संगठनों का गढ़ रहा है। पुलिस ने बताया कि धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के कई मकान ढह गए, जिससे स्थानीय नागरिकों को गंभीर चोटें आईं। सेना के बयान में कहा गया कि सभी हमलावरों को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। सेना के मुताबिक, हमलावरों ने पहले चौकी की सुरक्षा घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को चौकी की बाहरी दीवार से टकरा दिया। इस विस्फोट से पास के घरों और एक मस्जिद को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि किसी भी संगठन ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने इस हमले के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को जिम्मेदार ठहराया है। सेना का दावा है कि इस हमले की योजना अफगान सीमा के उस पार बनाई गई और वहीं से इसे निर्देशित किया गया। इस पर अफगानिस्तान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अफगान तालिबान लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि वे किसी भी देश के खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देते, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगानिस्तान के तालिबान शासक अपने क्षेत्र से आतंकियों को पाकिस्तान पर हमले करने से रोकेंगे। साथ ही यह भी कहा कि पाकिस्तान को आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। हमले के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ। मंत्रालय ने इस्लामाबाद में अफगान तालिबान के उप-मिशन प्रमुख को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने अफगान भूमि से संचालित आतंकवादी हमलों के दोषियों और मददगारों के खिलाफ पूर्ण जांच और निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। बयान में यह भी कहा गया कि अफगान तालिबान से यह अपेक्षा की गई है कि वह अपने क्षेत्र में सक्रिय सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस, तत्काल और सत्यापन योग्य कदम उठाए तथा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद के लिए अफगान जमीन के इस्तेमाल को पूरी तरह रोके। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव हाल के महीनों में बढ़ा है। अक्टूबर में सीमा पर झड़पें हुई थीं, जब काबुल में 9 अक्टूबर को हुए विस्फोटों के लिए अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था। बाद में कतर की मध्यस्थता से युद्धविराम तो हुआ, लेकिन नवंबर में तुर्की में हुई बातचीत में दोनों देश किसी ठोस समझौते पर नहीं पहुंच सके।

## ताइवान में भीड़ पर चाकू से हमला, 4 लोगों की मौत कई घायल

**ताइपे , एजेंसी।** ताइवान की राजधानी ताइपे में शुक्रवार को एक युवक ने भीड़ भरे इलाके में लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हमलावर ने लोगों में डर फैलाने के लिए स्मोक ग्रेनेड भी फेंके। यह हमला ताइपे मेन स्टेशन से शुरू हुआ, जो शहर का सबसे व्यस्त रेलवे और मेट्रो स्टेशन है। शाम के समय जब वहां बहुत भीड़ थी, तभी युवक ने स्टेशन के अंदर स्मोक बम फेंका और फिर पास के झोंगशान इलाके की ओर भाग गया। वहां उसने सड़क और एक शॉपिंग मॉल में लोगों पर चाकू से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हर तरफ धुआं और अफरा-तफरी मच गई थी। लोग जान बचाकर इधर-उधर भाग रहे थे। पास की दुकानों और रेस्टोरेंट में लोग छिप गए। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि माहौल बहुत डरावना था और



सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने हमलावर का पीछा किया। इसी दौरान वह एक इमारत से गिर गया और उसकी भी मौत हो गई। ताइपे के मेयर ने बताया कि मरने वालों में से एक व्यक्ति ने स्टेशन के अंदर हमलावर को रोकने की कोशिश की थी। पुलिस के मुताबिक हमलावर 27 साल का था और ताओयुआन इलाके का रहने वाला था। वह पहले वायुसेना में काम कर चुका था, लेकिन 2022 में उसे नौकरी से हटा दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि उसके खिलाफ पहले से कुछ मामले दर्ज थे। हमले के पीछे उसका मकसद अभी साफ नहीं हो पाया है।

## अमेरिका का सीरिया में 'ऑपरेशन हॉकआई':70 से ज्यादा आईएसआईएस ठिकाने तबाह किए



**दमिश्क, एजेंसी।** अमेरिका ने शुक्रवार को सीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 70 ठिकानों पर हवाई हमले कर उन्हें तबाह कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि यह कार्रवाई हाल ही में हुए उस हमले के जवाब में की गई जिसमें सीरिया में तैनात अमेरिका के दो सैनिक और एक ट्रांसलेटर मारे गए थे। इस मिलिट्री ऑपरेशन को 'ऑपरेशन हॉकआई' नाम दिया गया है। यह नाम इसलिए रखा गया क्योंकि मारे गए सैनिक अमेरिका के आयोवा राज्य से थे, जिसे 'हॉकआई स्टेट' कहा जाता है। अधिकारियों के मुताबिक जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें आतंकियों के ठहरने की जगह, हथियार रखने के गोदाम और दूसरी जगह शामिल हैं। ट्रम्प ने हमले पर रिएक्शन देते हुए कहा कि उन्होंने अपना वादा पूरा किया।

**अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- ये बदले की कार्रवाई है :** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इन हमलों को बदले की कार्रवाई बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह किसी नए युद्ध की शुरुआत नहीं है, बल्कि उन लोगों के खिलाफ जवाब है जिन्होंने अमेरिकी सैनिकों को मारा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की लीडरशिप में अमेरिका अपने लोगों की रक्षा से कभी पीछे नहीं हटेगा। यह पूरा मामला 13 दिसंबर को शुरू हुआ, जब सीरिया में एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और उनके साथ काम कर रहा एक लोकल ट्रांसलेटर मारा गया था। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने कई छोटे ऑपरेशन चलाए, जिनमें करीब 23 लोगों को मार गिराया गया या गिरफ्तार किया गया। इन ऑपरेशन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान से अहम जानकारियां मिलीं, जिनके आधार पर अब यह बड़ा हवाई हमला किया गया।

**ट्रम्प बोले- अमेरिका हमलावरों को जवाब दे रहा :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की हत्या के बाद अब अमेरिका आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। ट्रम्प ने बताया कि इस हफ्ते मारे गए बहादुर सैनिकों के शव पूरे सम्मान के साथ अमेरिका लाए गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करते हुए अमेरिका अब उन आतंकियों को करारा जवाब दे रहा है, जो इस हमले के जिम्मेदार हैं।? अमेरिकी सेना सीरिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हमला कर रही है। ट्रम्प ने कहा कि सीरिया ने लंबे समय से बहुत खून-खराबा और हिंसा देखी है।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा:लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं। कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 1 और सेट जारी किया गया।

इसमें कुल मिलाकर 3,500 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 जीबी से ज्यादा तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं। इन खुलासों का असर कितना बड़ा होगा, यह अभी साफ नहीं है। वजह यह है कि दस्तावेजों की संख्या बहुत ज्यादा है और एपस्टीन से जुड़ी काफी तस्वीरें पहले भी सामने आ चुकी है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने यह भी कहा है कि कुछ दस्तावेज अभी रोके गए हैं, क्योंकि कुछ जांचें चल रही हैं या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कारण हैं।

जेफ्री एपस्टीन एक फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी था, उसकी जेल में मौत हो गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 18 नवंबर को कानून पर दस्तखत कर एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेजों को 30 दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया था।

**ट्रम्प के आदेश पर जारी हुए दस्तावेज :** जेफ्री एपस्टीन एक यौन अपराधी था, उसकी जेल में मौत हो गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 18 नवंबर को कानून पर दस्तखत कर एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेजों को 30 दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया था। 19 दिसंबर तक 30 दिन की समय सीमा पूरी हो गई।



**एपस्टीन पीड़ित का आरोप- न्याय विभाग खुद को बचा रहा :** जेफ्री एपस्टीन की एक पीड़िता लीसा फिलिप्स ने अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लीसा फिलिप्स ने बताया कि जब उनकी उम्र 20 के आसपास थी, तब उनकी मुलाकात एपस्टीन से हुई थी। इसके बाद उन्हें एपस्टीन और उसके नेटवर्क से जुड़े लोगों की ओर से सालों तक शोषण झेलना पड़ा। सीएनएन की पत्रकार कैटलिन कॉलिन्स से बातचीत में लीसा फिलिप्स ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स के कई हिस्सों को काला (रेडैक्ट) करके जारी किया गया है। लीसा के मुताबिक कि न्याय विभाग पीड़ितों के बजाय खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है। लीसा ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके पास इतनी जानकारी है, जिससे सारी कड़ी जोड़ी जा सकती हैं और पीड़ितों को न्याय मिल सकता है। लेकिन जैसा आप देख रहे हैं, मामला बार-बार टाला जा रहा है। एपस्टीन फाइल्स को लेकर अटॉर्नी जनरल पर महाभियोग की तैयारी भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। रो खन्ना ने एपस्टीन फाइल्स से जुड़े उस कानून को तौर पर तैयार किया था, जिसके तहत सभी फाइलें सार्वजनिक की जानी थीं। खन्ना का आरोप है कि न्याय विभाग ने कानून के बावजूद एपस्टीन से जुड़ी सभी फाइलें जारी नहीं कीं। उन्होंने कहा कि जो दस्तावेज आज जारी किए गए हैं, उनसे वह निराश हैं। पीड़ित बोली- जारी किए गए फाइल्स काफी हैवी, सर्च करना मुश्किल एपस्टीन की शुरुआती पीड़ितों में से एक जेस माइकल्स ने कहा, 'न्याय विभाग फाइल जारी करने में भ्रष्टाचार और देरी से साबित कर रहे हैं कि वो कुछ छुपा रहे हैं।' जेस माइकल्स ने बताया कि 1991 में जब वे 22 साल की थीं और डांसर बनने की ट्रेनिंग ले रही थीं, तब एपस्टीन ने उनका यौन शोषण किया था। वे उन पीड़ितों में शामिल थीं जिन्होंने द्विदलीय कानून के लिए लॉबी की थी। इसके तहत न्याय विभाग को एपस्टीन और उसकी मुख्य साथी मैक्सवेल की सेक्स तस्करी जांच की लगभग सभी फाइलें जारी करनी थीं। लेकिन शुक्रवार को जारी 13,000 से ज्यादा फाइलें काफी हैवी है और आसानी से सर्च नहीं की जा सकतीं। एक अन्य पीड़िता मारीजके चार्टौनी ने कहा, 'सब कुछ एडिट कर दिया गया है, तो पारदर्शिता कहां है?' उन्होंने बताया कि 20 साल की उम्र में एपस्टीन ने उनका यौन शोषण किया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज सीरीज में 3-0 की बढ़त हासिल की



**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के साथ ही सीरीज अपने पास बरकरार रखी है। मैच के अंतिम दिन छह विकेट पर 207 रनों से आगे खेलते हुए इंग्लैंड टीम अपनी दूसरी पारी में 352 रनों पर ही आउट हो गयी जबकि उसे जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य मिला था। इस प्रकार मेहमान टीम इंग्लैंड को 82 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही इंग्लैंड का सीरीज में बराबरी का सपना भी टूट गया।

लक्ष्य का पीछ करते हुए इंग्लैंड की टीम के बल्लेबाज उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पाये। बल्लेबाज जैक क्राउली ने सबसे अधिक 85 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज बढ़ी पारी नहीं खेल पाये। जेमी स्मिथ 60 के बाद विल जैक्स ने 47 रन और इसके बाद ब्रायडन कार्स ने 39 रन बनाये पर अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

अंतिम दिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने काफी प्रयास किये जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी काफी पसीना बहाना पड़ा। जेमी स्मिथ एक छोड़ पर जमे हुए थे जिससे मेहमान टीम की उम्मीदें बनी हुई थीं। स्मिथ ने विल जैक्स के साथ मिलकर 91 रन बनाये। इस जोड़ी के टूटने के बाद जैक्स ने ब्रायडन के साथ मिलकर इंग्लैंड की उम्मीदों को बनाये रखा। जैक्स 47 रनों पर आउट हो गए। उनके आउट होते ही फिर इंग्लैंड की पारी ढ़ह गयी। जैक्स और ब्रायडन के बीच 52 रनों की साझेदारी हुई थी।

जैक्स का विकेट गिरने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने जोफ्रा आर्चर और जोश टंग का विकेट लेकर मैच जीत लिया। ब्रायडन 39 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क के अलावा नाथन लायन ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा स्कॉट बोलेंड ने एक विकेट लिया।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत में एलेक्स कैरी और ट्रेविस हेड की अहम भूमिका रही। कैरी ने पहली जबकि हेड ने दूसरी पारी में शतक लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिलायी।

इससे टीम ने पहली पारी में 371 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए जबकि ब्रायडन कार्स और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए वहीं जोश टंग को एक विकेट मिला। वहीं इंग्लैंड की टीम अपनी अपनी पहली पारी में पारी में 286 रन ही बना पाई। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया को 85 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 349 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य दिया था।

# सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी बीडब्लयूएफ विश्व टूर के सेमीफाइनल में हारी



**हांगझू (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीता था पर इसके बाद वह अपनी लया बनाये नहीं रख पायी और एक घंटे तीन मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 21-10, 17-21 13-21 से हार गयी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में इस चीनी जोड़ी के खिलाफ जीत मिली थी पर सेमीफाइनल में वह इस सिलसिले को बरकारार नहीं रख पाये। चीनी जोड़ी इस बार भारतीय जोड़ी पर भारी पड़ी। मैच के बाद शेट्टी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने पहले गेम में काफी अच्छी शुरुआत की पर उसे बनाये नहीं रख पाये। । वहीं इससे पहले

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मेलेशियाई जोड़ी के खिलाफ जीत के साथ ही बीडब्लयूएफ विश्वटूर के सेमीफाइनल में पहुंची थी। भारतीय टीम ने मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को एक घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इस जीत के साथ ही सात्विक-चिराग सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बन गई है। इस मैच में पहले गेम में हार के बाद भी इस जोड़ी ने जबरदस्त प्रदर्शन कर वापसी की। अब सेमीफाइनल में इस जोड़ी का मुकाबला चीन के लियांग वेइ केंग और वांग चांग से होगा। गौरतलब है कि बीडब्लयूएफ विश्वटूर फाइनल्स साल का सबसे बड़ा बैडमिंटन टूर्नामेंट है, जिसमें हर वर्ग में विश्व के शीर्ष 8 खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसमें ग्रुप स्तर के बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाते हैं।

# रोहित ने साहा को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक बताया



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने विकेटकीपर बल्लेबाज विद्धिमान साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिये था। रोहित का मानना है कि साहा देश के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि उनका तकनीकी कौशल अच्छा है। वह तेज और विविधता भरी गेंदबाजी के खिलाफ एक बेहतरीन विकेटकीपर रहे हैं। उनकी विकेट के पीछे कैच पकड़ने और स्टंपिंग की क्षमता जबरदस्त रही है। साहा ने रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन की गेंदबाजी के सामने भी काफी कठिन कैच लिए हैं। इससे वह भारत का सबसे कुशल विकेटकीपर बनाता है। रोहित न साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें भारत में ऐसा विकेटकीपर कभी नहीं देखा। टेस्ट मैच में गेंद अक्सर घूमती और नीची रहती है पर साहा कभी गलती नहीं करते थे। जडेजा और अश्विन जैसी स्पिनरों के सामने सभी वह आसानी से विकेटकीपिंग करते थे। को सहजता से इससे बाद भी उनकी काफी कम तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में साहा ने महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत की तरह से काम किया है हालांकि साहा की शैली और तकनीक पारंपरिक रही है। साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 104 शिकार किये हैं। जिनमें 92 कैच और 12 स्टंपिंग्स शामिल हैं। वहीं बल्लेबाजी में उन्होंने 1,353 रन बनाए, जिनमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 9 एकदिवसीय ही खेले हैं। जहां धोनी तेज से कीपिंग करते थे वहीं साहा शैली में धीमे से अपना कौशल दिखाते हैं।

# पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर खिताब जीता



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने दुबई में खेले गए अंडर-19 एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। यहां हुए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पाक टीम ने लीग मुकाबले के दौरान भारतीय टीम के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर कर दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पाक टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पाक ने समीर मिन्हास के शानदार शतक से आठ विकेट पर 347 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 348 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ढ़ह गयी और 26.2 ओवर में 156 रनों पर ही सिमट गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान आयुष म्हात्रे 2, जबकि आरोन जॉर्ज 16, वैभव सूर्यवंशी 26, विहान मल्होत्रा 7 और अभिज्ञान कुंडू 13 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद सभी बल्लेबाज दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाये। पाकिस्तान की ओर से अली राजा ने 4 विकेट लिए जबकि मोहम्मद सैयम ने 2 विकेट लिए। अब्दुल सुभन ने 2 विकेट और हुजाईफा अहसान ने भी इतने ही विकेट लिए

वहीं पहले बल्लेबाजी करते हए पाक टीम ने शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। समीर ने गेंदबाज किशन सिंह और दीपेश देवेंद्रन के खिलाफ तेजी से शॉट खेले। समीर ने 113 गेंदों पर 17 चौके और 9 छक्के लगाकर 172 रन बनाए। समीर के अलावा अहमद हुसैन ने 72 गेंदों पर 56 रन बनाये। भारत की तरफ से दीपेश देवेन्द्रन ने 3 जबकि हेनिल पटेल और खिलान पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाक के हमजा जहूर 18 रन पर आउट हुए। जहूर के आउट होने के बाद उस्मान खान 35 उतरे और मिन्हास के साथ मिलकर 92 रन की भागीदारी करके स्कोर 123 रन तक पहुचाया। टूर्नामेंट में एक शतक और एक अर्धशतक जड़कर अच्छी फॉर्म में चल रहे बाएं हाथ के अहमद हुसैन ने 56 रन की पारी खेली पर बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल 44 रन देकर दो विकेट ने मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को स्वीप शॉट खेलने के लिए ललचाया जिससे वह मिड-विकेट पर कैच आउट हो गए। उनके और मिन्हास के बीच 137 रन की भागीदारी ने पाकिस्तान को बड़े स्कोर तक पहुंचने में अहम भूमिका अदा की।

## स्टेन ने हार्दिक को सुपरहीरो और सेलिब्रिटी खिलाड़ी बताया

अहमदाबाद (ईएमएस)। दक्षिण अफीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आक्रामक पारी खेलने वाले भारतीय टीम के ऑलराउडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें सुपरहीरो कहा है।। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं और उनकी चमक खेल में नजर आती है। पांड्या ने पांचवे टी20 में तेजी से अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। स्टेन ने कहा, ''हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। वह एक खिलाड़ी से आगे निकलकर से सेलिब्रिटी बन गये हैं। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो गये हैं जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता।'' उन्होंने कहा, ''इसमें कोई गलती जैसे बात नहीं है, ये अपनी धाक जमाने जैसी बात है। यह एक ऐसा प्रभाव है जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनकी भाव भंगिमा में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं। इस प्रकार वह अन्य खिलाड़ियों से आगे है।'' स्टेन ने कहा कि उनके तेज गेंदबाजों का रुख सतर्क नहीं रहा। जिससे उनकी टीम को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रभाव अलग ही है। अगर आप उन्हें हावी होने का अवसर देते हैं तो ये नुकसानदेह रहेगा। वहीं दक्षिण अफीकी बल्लेबाजों ने उनके सामने सतर्क रुख अपना नुकसान उठाया।''

# ईशान किशन की वापसी पर गावस्कर ने खुशी जतायी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल किये जाने पर खुशी जतायी है। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार का अच्छा प्रदर्शन हाल के दिनों मे ईशान ने किया था उससे उनकी वापसी तय थी। गावस्कर ने कहा, मैं ईशान के लिए बहुत खुश हूं. वह कुछ समय टीम से बाहर रहे पर झारखंड को ट्रॉफी दिलाकर उसने शानदार वापसी की। वहीं गावस्कर ने बल्लेबाज शुभमन गिल को बाहर किए जाने पर हैरानी जतायी पर कहा कि फॉर्म में नहीं होने से उन्हें आराम दिया गया है। उन्होंने कहा, वह अच्छे बल्लेबाज हैं और उनका प्रदर्शन 2024 टी20 विश्व कप के बाद से ही सराहनीय रहा ह। दक्षिण अफीका के खिलाफ हालांकि वह रन नहीं बना पाये कुछ मैचों में उन्हें परेशानी हुई पर फॉर्म आती-जाती है। टी20 में शुरुआत से ही तेज खेलना होता है, अगर लय न हो तो मुश्किल हो जाती है। इसी कारण शायद उन्हें बाहर किया गया है। गावस्कर ने कहा, 'उनका स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के लिए ज्यादा सही है। वह टी20 में तेज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हैं पर वह बहुत अच्छे खिलाड़ी है। हमने यह आईपीएल में भी देखा है, इसलिए टी20 उनके लिए नया प्रारुप नहीं है। गावस्कर ने जितेश को बाहर किये जाने पर दुख जताते हुए कहा, जितेश ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें जितने मौके मिले, वह अच्छे विकेटकीपर साबित हुए। उनके लिए परेशान है पर युवा होने के कारण वह वापसी करेंगे।



# वर्ल्ड टेनिस लीग 2025: सुरेश की धमाकेदार सर्व से ऑस्ट्रेलियन मावेरिक्स काइट्स ने जीता खिताब

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेनिस लीग 2025 (WTL) ने बैंगलुरु के स्रू कृष्णा स्टेडियम में चार दिनों तक रोमांचक टेनिस का आनंद दिया। फाइनल में भारत के धक्षिणेश्वर सुरेश की शानदार परफॉर्मेंस की मदद से ऑस्ट्रेलियन मावेरिक्स काइट्स ने AOS ईगल्स को 22-19 से हराकर अपना पहला WTL खिताब अपने नाम किया।



फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियन मावेरिक्स काइट्स टूर्नामेंट में टेबल के निचले हिस्से में थीं। लेकिन टूर्नामेंट के डायनामिक फॉर्मेट ने उन्हें लय में वापस लाकर फाइनल तक पहुंचाया। दर्शकों से भरे स्टेडियम में क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव और केएल राहुल भी मौजूद थे। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ने आखिरी क्षण तक शानदार खेल दिखाया।

धक्षिणेश्वर सुरेश ने ग्रुप स्टेज में सुमित नागल से मिली हार का बदला फाइनल में 7-6 के निर्णायक सेट से चुकाया। 25 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी, जो वर्तमान में वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के छात्र हैं, ने डेनियल मेदवेदेव जैसे बड़े खिलाड़ियों को हराकर खुद को भविष्य के स्टार खिलाड़ी के रूप में पेश किया।

फाइनल में मार्टा कोस्त्युक ने पहले मैच में श्रीवल्ली भामिदिपति को 6-4 से हराकर मावेरिक्स को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि AOS ईगल्स ने मिक्स्ड डबल्स में श्रीवल्ली और गेल मोनफिल्स की मदद से मावेरिक्स को 6-3 से हराकर वापसी की कोशिश की।

लेकिन उनकी वापसी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। निक किर्गियोस और धक्षिणेश्वर सुरेश की जोड़ी ने सुमित नागल और मोनफिल्स को 6-3 से हराकर निर्णायक जीत मावेरिक्स के नाम कर दी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए धक्षिणेश्वर को 'मैन ऑफ़ द फाइनल' का खिताब भी मिला।

वर्ल्ड टेनिस लीग, जिसे 'The Greatest Show on Court!' कहा गया है, ने भारतीय दर्शकों को विश्व स्तरीय खिलाड़ियों का शानदार खेल देखने का मौका दिया। टूर्नामेंट में AOS ईगल्स, ऑसी मावेरिक्स काइट्स, गेम चेंजर्स फाल्कन्स और वीबी रियल्टी हॉक्स ने भाग लिया। युवा भारतीय खिलाड़ियों जैसे धक्षिणेश्वर सुरेश, श्रिवल्ली, सहजा यमालपल्ली और माया राजेश्वरन ने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलकर सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर पाया।

# हॉलैंड ने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया, रोनाल्डो को पीछे छोड़ा



लंदन। एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (EPL) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था। आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया। हॉलैंड ने इस सत्र में सिटी और नॉर्वे के लिए कुल 28 मैचों में 38 गोल किए हैं। हॉलैंड के प्रीमियर लीग में 104 गोल हो गए, जो रोनाल्डो से एक अधिक है। लिवरपूल ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही टॉटेनहम की टीम को 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद न्यूकैसल के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

# लियोनेल मेस्सी का भारत दौरा भारतीय फुटबॉल के लिए फायदेमंद होगा या नहीं



**मुम्बई (एजेंसी)।** दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेस्सी का भारत आगमन महज एक भव्य आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय फुटबॉल के लिए संभावनाओं से भरा अवसर माना जा रहा है। उनकी मौजूदगी से खेल को वैश्विक मंच पर पहचान मिली और युवा खिलाड़ियों में उत्साह भी देखने को मिला। हालांकि बड़ा सवाल यही है कि क्या यह दौरा भारतीय फुटबॉल के भविष्य में कोई ठोस बदलाव ला पाएगा।

### मैच या प्रशिक्षण से बन सकता था दौरा ज्यादा प्रभावी

अगर यह दौरा फुटबॉल के वास्तविक विकास को ध्यान में रखकर होता, तो मेस्सी का भारतीय राष्ट्रीय टीम या किसी स्थानीय क्लब के खिलाफ मुकाबला खेलना ज्यादा सार्थक होता। 1977 में पेले द्वारा मोहन बागान के खिलाफ खेला गया ऐतिहासिक मैच आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा, किसी फुटबॉल अकादमी का दौरा, युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना या वंचित बच्चों से मुलाकात इस यात्रा को खेल और समाज-दोनों के लिए उपयोगी बना सकती थी।

### कमजोर दौर से गुजर रहा है भारतीय फुटबॉल

मेस्सी का दौरा ऐसे समय हुआ जब भारतीय फुटबॉल कठिन दौर से गुजर रहा है। नवंबर 2025 की फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम 142वें स्थान पर है। वहीं, इंडियन सुपर लीग (ISL) के भविष्य, ढांचे और स्थिरता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

### खेल से ज्यादा दिखी मार्केटिंग

यह दौरा फुटबॉल से अधिक मार्केटिंग केंद्रित नजर आया। भारत को एक बड़े बाजार के रूप में देखते हुए यह यात्रा इंटर मियामी के प्रचार और अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर उत्साह पैदा करने तक सीमित रही। कई ऐसे लोग भी मेस्सी के साथ फोटो खिंचवाने को उत्साहित दिखे, जिनका खेल से सीधा कोई संबंध नहीं था।

### क्रिकेट बैट भेंट करना बना चर्चा का विषय

दौरे के दौरान कुछ अजीब दृश्य भी सामने आए। ICC अध्यक्ष जय शाह द्वारा मेस्सी को भारतीय क्रिकेट टीम के हस्ताक्षर वाला बैट भेंट करना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना। फुटबॉल से जुड़े इस दौरे में क्रिकेट प्रतीकों की मौजूदगी पर सवाल भी उठे।

### मजबूत फुटबॉल संस्कृति की दरकार

भारत को एक मजबूत फुटबॉल राष्ट्र बनने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। इसके लिए माता-पिता का सहयोग, स्कूलों में बेहतर खेल ढांचा और शिक्षा प्रणाली में खेल को पर्याप्त महत्व देना बेहद जरूरी है।

### आईएसएल की संरचनात्मक चुनौतियां

आईएसएल के शुरुआती दो सत्र सफल जरूर रहे, लेकिन प्रमोशन और रेलिगेशन सिस्टम की कमी ने प्रतिस्पर्धा को कमजोर किया। साथ ही विदेशी स्ट्राइकरों पर अधिक निर्भरता के चलते भारतीय फॉरवर्ड्स का विकास प्रभावित हुआ, जिसका असर राष्ट्रीय टीम पर साफ दिखता है।

### खिलाड़ियों की उपलब्धता और 'इंडियन एरोज़' पहल

राष्ट्रीय टीम के लिए एक और बड़ी समस्या यह है कि क्लब अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों को रिलीज नहीं करते। ऐसे में एआईएफएफ की 'इंडियन एरोज़' पहल अहम साबित हुई, जिसने वैकल्पिक प्रतिभाओं का मजबूत पूल तैयार किया।

### भव्य आयोजन, लेकिन सीमित असर

कुल मिलाकर, लियोनेल मेस्सी का भारत दौरा भले ही भव्य, चर्चित और ग्लैमर से भरपूर रहा हो, लेकिन भारतीय फुटबॉल को इससे कोई स्थायी लाभ मिलता नजर नहीं आया। जब तक जमीनी स्तर पर संरचनात्मक सुधार और मजबूत खेल संस्कृति विकसित नहीं होती, तब तक ऐसे बड़े दौरे सिर्फ सुर्खियों और उत्साह तक ही सीमित रहेंगे।

## सैमसन का अंदर-बाहर होते रहने पर छलका दर्द

मुम्बई। भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने दक्षिण अफीका के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में अच्छी बल्लेबाजी कर साबित किया है कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही वह बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। सैमसन को शुरुआती चार मैचों में जगह नहीं मिली थी। शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें पारी की शुरुआत से हट दिया गया था जिसपर काफी सवाल भी उठे थे। वहीं उनकी टीम में जगह पक्की न होने को लेकर तर्क दिया जाता रहा है कि उनके खेल में निरंतरता की कमी रही है। शुभमन के चोटिल होने के कारण उन्हें अंतिम मैच में शामिल किय गया। वहीं समय-समय पर सैमसन ने टीम में जगह नहीं मिलने पर अपनी निराशा भी जाहिर की है। इरफान पठान से बातचीत के दौरान सैमसन का दिल् का गुब्बार निकल या। . इस दौरान सैमसन ने कहा कि लगातार अंदर-बाहर होने से उनका हौंसला टूटा है। पठान ने उनसे पूछा, 'आप जब मैच नहीं खेल रहे थे तो मजे के लिए क्या कर रहे थे?' इसके जवाब में सैमसन ने कहा, 'मजे के लिए इंतजार कर रह था बस। आप जानते हो इरफान भाई चयन के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर नहीं सकते हैं। बस ट्रेनिंग करो और खुश रहो, जितना हो सकता है अपनी भागीदारी निभाओ।' वहीं जब पठान ने पूछा कि 'जब आप नहीं खेल रहे थे तो टीम प्रबंधन आपके से क्या बात कर रही थी और कितना बात कर रही थी।' इसपर सैमसपन ने कहा, 'टीम का माहौल बहुत महत्वपूर्ण रहता है। हमारे लीडरशिप ग्रुप में कप्तान सूर्यकुमार और कोच गौतम गंभीर के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है इसलिए संपर्क हमेशा रहा है। इसपर इरफान ने पूछा कि ऐसे में उम्मीद है कि हम आपको अब लगातार पारी शुरु करते देखेंगे। इसप सैमसन ने हंसते हुए कहा कि ऐसा पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है।



# सेंसेक्स की 10 में 6 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण 75,257 करोड़ बढ़ा

**- सबसे अधिक लाभ टीसीएस को हुआ, जिसका एमकैप 22,595 करोड़ रुपए बढ़ा**



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद बीएसई की टॉप-10 कंपनियों में मिली-जुली चाल देखी गई। पिछले सप्ताह छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में कुल 75,257 करोड़ रुपए की बढ़त हुई, जबकि बाकी चार कंपनियों के एमकैप में कुल 45,842 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज हुई। इस सप्ताह सबसे अधिक लाभ टीसीएस को हुआ, जिसका एमकैप 22,595 करोड़ रुपए बढ़ा। इसके बाद इंफोसिस का एमकैप 16,972 करोड़ रुपए बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के एमकैप में क्रमशः 15,923 करोड़ और 12,315 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल का एमकैप 7,384 करोड़ रुपए और लार्सन एंड टूब्रो का लगभग 69 करोड़ रुपए बढ़ा। वहीं इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ, जिसका एमकैप 21,920 करोड़ रुपए घटा। इसके अलावा एलआईसी** का एमकैप 9,614 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का 8,428 करोड़ रुपए और बजाज फाइनेंस का 5,880 करोड़ रुपए गिरा। सप्ताह के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज 21.18 लाख करोड़ रुपए के बाजार मूल्य के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर बनी रही। विश्लेषकों के अनुसार, आईटी और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों ने निवेशकों का भरोसा बनाए रखा, जबकि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में दबाव अधिक रहा। इस मिश्रित प्रदर्शन ने बीएसई के टॉप-10 शेयरों में अलग-अलग दिशा दिखाने का रुझान उजागर किया।

# इंडिगो दिसंबर फ्लाइट रद्दीकरण: प्रभावित यात्रियों को मिलेगा 10,000 का मुआवजा

**- वेबसाइट से टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले भुगतान करेगी**

**नई दिल्ली ।** इंडिगो अगले हफ्ते से उन यात्रियों को मुआवजा देना शुरू करेगा, जो दिसंबर की शुरुआत में हुई बड़े पैमाने पर फ्लाइट रद्दीकरण से प्रभावित हुए थे। एयरलाइन सीधे इं डिगो की वेबसाइट से टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले भुगतान करेगी, क्योंकि उनकी जानकारी एयरलाइन के पास पहले से मौजूद है। ट्रैवल एजेंट और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों (ओटीए) के माध्यम से बुक किए गए यात्रियों का डेटा एयरलाइन अब एकत्र करेगी। प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपए के यात्रा वाउचर दिए जाएंगे। यह राशि सरकार के नियमों के तहत 5,000 से 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त मुआवजे के अलावा होगी। पात्र तिथियाँ 3, 4 और 5 दिसंबर हैं, जब यात्री कई घंटे एयरपोर्ट पर फंसे थे। डीजीसीए यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र यात्री को मुआवजा मिले। मंत्रालय एयर सेवा पोर्टल के जरिए प्रक्रिया की निगरानी करेगा और लंबित शिकायतों को तुरंत निपटाएगा। हालांकि इं डिगो ने रद्द की गई फ्लाइट्स के लिए रिफंड शुरू कर दिया है, ओटीए के माध्यम से बुकिंग करने वाले कई यात्रियों को अभी तक पूरी राशि नहीं मिली है। डीजीसीए ने ओटीए को निर्देश दिए हैं कि यात्री को बिना किसी कटौती के पूरी राशि लौटाई जाए। गौरतलब है कि 1-9 दिसंबर के बीच इं डिगो ने कुल 4,354 फ्लाइट्स रद्द की थीं। इनमें से 3, 4 और 5 दिसंबर को 2,507 फ्लाइट्स रद्द हुईं, जिनमें 2,456 घरेलू और 51 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं।

# एफपीआई ने दिसंबर में भारतीय बाजार से निकाले 23,377 करोड़

**- पूरे वित्त वर्ष में एफपीआई अब तक 68,628 करोड़ की कर चुके हैं निकासी**




**मुंबई ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार से कुल 23,377 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इक्विटी बाजार से 14,185 करोड़ रुपये और डेट सेगमेंट से 9,682 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह संकेत देता है कि विदेशी निवेशक अब बाजार में अधिक सतर्क हो गए हैं और बड़े पैमाने पर पैसा वापस ले रहे हैं।

हालांकि, म्यूचुअल फंड और हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में एफपीआई का निवेश जारी रहा। म्यूचुअल फंड में उन्होंने 77 करोड़ रुपये और हाइब्रिड में 420 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इससे स्पष्ट होता है कि निवेशकों ने कुछ सुरक्षित और मिश्रित विकल्पों में अपनी रकम बनाए रखी है। करीब दो महीने के अंतराल के बाद दिसंबर में एफपीआई फिर से शुद्ध बिकवाल बने।

इससे पहले, नवंबर में उन्होंने 4,114 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 35,246 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। यह बदलाव दिखाता है कि विदेशी निवेशक बाजार की परिस्थितियों के अनुसार अपने निवेश की रणनीति बदल रहे हैं। पूरे कैलेंडर वर्ष में एफपीआई अब तक 68,628 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने केवल इक्विटी से ही 1,51,677 करोड़ रुपये निकाले, जबकि डेट, म्यूचुअल फंड और हाइब्रिड सेगमेंट में उनका निवेश अभी भी सकारात्मक बना हुआ है।

# भारत ने 2025 में हासिल किया नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा मुकाम



**– कुल बिजली क्षमता का आधा हिस्सा अब गैर–जीवाश्म स्रोतों से**

**नई दिल्ली ।** 2025 में भारत ने पेरिस समझौते के तहत तय 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले ही अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त कर लिया। देश की कुल स्थापित क्षमता अब लगभग 510 गीगावॉट है, जिसमें 247 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन और 262 गीगावॉट गैर-जीवाश्म स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्रोतों में से 254 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से आता है।

2025 में लगभग 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी गई, जिसमें जनवरी से नवंबर के बीच 45 गीगावॉट शामिल हैं। इस दौरान 35 गीगावॉट सौर ऊर्जा का योगदान रहा। इस विस्तार के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना ने नवीकरणीय परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद की। उद्योग के अनुसार प्रति मेगावॉट निवेश आवश्यकता लगभग चार करोड़ रुपये है। भूमि अधिग्रहण, मार्ग अधिकार और बिजली खरीद समझौतों में देरी जैसी चुनौतियां नई परियोजनाओं को सीमित कर रही हैं। हालांकि, सरकार को उम्मीद है कि 2026 में भी इसी रफ्तार से क्षमता जोड़ी जाएगी। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहो कि भविष्य उज्ज्वल है और ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से संचालित होगी।

# सहारा इंडिया पर बकाया वेतन का आरोप, लखनऊ में एफआईआर दर्ज

**- काम किया पर नहीं मिली सैलरी, परेशान कर्मचारी**



लखनऊ (ईएमएस)। सहारा इंडिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कंपनी के डिप्टी चीफ मैनेजर ओपी श्रीवास्तव और सहारा परिवार के खिलाफ अरिंदम बनर्जी और उनकी पत्नी शिवानी ने बकाया वेतन न मिलने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। मामला पहले कोलकाता के टेक्नोसिटी थाने में दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में इसे लखनऊ ट्रांसफर कर दिया गया। अब इसकी जांच गोमती नगर पुलिस करेगी। एफआईआर के अनुसार, अरिंदम और शिवानी 1 सितंबर 2016 से कंपनी के चेयरमैन ऑफिस में तैनात थे। अरिंदम का वेतन शुरू में 4.40 लाख रुपए मासिक था, जिसे 5.46 लाख रुपए किया गया। शिवानी का वेतन 81 हजार रुपए था। चार साल नौकरी के बाद दोनों ने छह महीने का वैतनिक अवकाश लिया, लेकिन इस दौरान भी ऑनलाइन कंपनी से जुड़े रहे। जुलाई 2022 में बकाया वेतन की मांग की गई और जून 2023 में कुछ राशि मिली। हालांकि, कुल बकाया वेतन और ब्याज मिलाकर 2.03 करोड़ रुपए होने के बावजूद सहारा इंडिया ने इसे अब तक पूरा भुगतान नहीं किया। कंपनी पहले से कई विवादों और कानूनी झंझटों में घिरी हुई है। यह मामला सहारा इंडिया के लिए नई कानूनी परेशानियों का कारण बन सकता है। अब लखनऊ पुलिस मामले की विवेचना करेगी और यह देखना होगा कि पीड़ितों को उनका बकाया वेतन कब मिलेगा।

## टाइटन के घड़ी व्यवसाय की बिक्री एक अरब डॉलर के पार होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** टाइटन, प्रमुख घड़ी और आभूषण निर्माता, अपने घड़ी व्यवसाय को लेकर आशावादी है। कंपनी ने अगले दो वर्षों में बिक्री को 1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए वह प्रीमियम उत्पादों को बढ़ावा देने, खुदरा नेटवर्क का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय कारोबार को बढ़ाने की रणनीति अपना रही है। कंपनी के एक अ धिकारी के मुता बिक पिछले 4–5 वर्षों में टाइटन ने लगभग 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। भविष्य की वृद्धि के लिए कंपनी प्रीमियम और लक्ज़री खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है। टाइटन भारत में हेलिओस और हेलिओस लक्स स्टोर्स के माध्यम से इस खंड का विस्तार कर रहा है।मार्कोस ने कहा कि भारत में प्रीमियम और लक्ज़री घड़ियों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है, जिसमें 30 फीसदी से अधिक की वृद्धि की संभावना है। मजबूत आर्थिक स्थिति, बढ़ती व्यक्तिगत आय और बड़ी युवा आबादी इस बाजार को और भी आकर्षक बना रहे हैं।



## 26 दिसंबर से बढ़ेगा रेल का किराया

**- छोटी दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई असर नहीं होगा**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ने 26 दिसंबर से नए किराया नियम लागू करने की घोषणा की है। इसे रेलवे ने किराया वृद्धि नहीं बल्कि 'किराये का युक्तिकरण' कहा है। छोटी दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई असर नहीं होगा। केवल लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किराया बढ़ेगा। साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक यात्रा करने वाले यात्रियों को 1 पैसा प्रति किलोमीटर, मेल और एक्सप्रेस नॉन-एसी में 2 पैसे प्रति किलोमीटर और एसी कोच यात्रियों को भी 2 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त चुकाना होगा। जैसे यदि कोई यात्री नॉन-एसी कोच में 500 किलोमीटर यात्रा करता है, तो उसकी टिकट कीमत में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी होगी। वहीं उपनगरीय ट्रेन और मंथली सीजन टिकट धारक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रेलवे का खर्च लगातार बढ़ रहा है। पिछले दशक में नेटवर्क और ऑपरेशन्स विस्तार के कारण कर्मचारियों का खर्च 1,15,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पेंशन का बोझ 60,000 करोड़ रुपये है। 2024-25 में संचालन लागत 2,63,000 करोड़ रुपये पार कर गई है। भारी खर्च और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे ने यात्री किराए में मामूली वृद्धि की है और कार्गो लोडिंग बढ़ाने पर भी जोर दिया है।

## सर्ट-इन ने एप्पल उपकरणों में सुरक्षा कमजोरियों की चेतावनी दी

**- आईओएस और आईपे डिओस में फंसी खतरनाक बग, डेटा और प्राइवेसी जोखिम में**

**नई दिल्ली ।** भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) ने आईफोन, आईपेड, मेक और अन्य एप्पल उपकरणों में कई सुरक्षा कमजोरियों के बारे में चेतावनी दी है। इन कमजोरियों के कारण किसी हमलावर को मनमाना कोड चलाने, अधिक अधिकार हासिल करने, संवेदनशील डेटा चुराने और सिस्टम में बाधा डालने का खतरा हो सकता है। आईफोन के आईओएस 26.2 और पुराने वर्ज़न, आईपेड के आईपे डियोस 18.7.3 से पहले के संस्करण, मेक के मेकओए टेहो और सोनोमा के कुछ संस्करण प्रभावित हो सकते हैं। इन कमजोरियों से डेटा हेरफेर, स्पूफिंग, मेमोरी खराबी और सुरक्षा प्रतिबंधों को बायपास करने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सटइन ने एप्पल से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन जवाब नहीं मिला। एप्पल ने अप्रैल और दिसंबर में वैश्विक स्तर पर नोटिस जारी किए, जिसमें स्पाइवेयर और रिमोट एक्सेस हमलों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई। उपयोगकर्ताओं को तुरंत अपने उपकरणों को नवीनतम अपडेट में अपडेट करने की सलाह दी गई है।

## ट्रंप प्रशासन की जांच के बीच गूगल कर्मचारियों को मिली यात्रा की चेतावनी

**- एच-1बी वीजा धारकों पर सख्ती, दूतावासों में अपॉइंटमेंट में 12 महीने तक की देरी**

**नई दिल्ली ।** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अमेरिका में काम कर रहे अपने कुछ कर्मचारियों को फिलहाल अंतरराष्ट्रीय यात्रा न करने की सलाह दी है। यह चेतावनी विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए जारी की गई है जो अमेरिकी वीजा, खासकर एच-1बी पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी की ओर से भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में कहा गया है कि अमेरिका के कई दूतावासों और काउंसलेट में वीजा अपॉइंटमेंट मिलने में भारी देरी हो रही है। ईमेल में बताया गया है कि यदि कोई कर्मचारी विदेश यात्रा करता है और उसे अमेरिका लौटने के लिए वीजा स्टैंप की आवश्यकता पड़ती है, तो वह लंबे समय तक अमेरिका के बाहर फँस सकता है। कुछ देशों में वीजा प्रक्रिया पूरी होने में 12 महीने तक का समय लग रहा है, जिससे कर्मचारियों और कंपनी दोनों को परेशानी हो सकती है। इस बीच अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवेदकों की जांच प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। नई प्रक्रिया में सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच भी शामिल की गई है। एच-1बी वीजा का उपयोग बड़ी टेक कंपनियां, विशेष रूप से भारत और चीन से कुशल पेशेवरों की नियुक्ति के लिए करती हैं।

## रियाल की बढ़ती कीमतों से हज यात्रा हुई महंगी

**- 2020 से 2025 तक प्रति यात्री खर्च लगभग 55,000 रुपये बढ़ गया**

**नई दिल्ली ।** हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिक अब और अधिक खर्च उठाने के लिए तैयार रहना पड़ रहा है। सऊदी रियाल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हज यात्रा 2020 से 2025 तक लगभग 19 प्रतिशत महंगी हो गई है। कमजोर भारतीय रुपए के चलते रियाल के दाम बढ़ते जा रहे हैं, जिससे देश के डेढ़ लाख यात्रियों और प्रदेश के लगभग 6,500 चयनित लोगों पर इसका सीधा असर पड़ा है। साल 2025 में रियाल की कीमत 23.88 रुपए प्रति रियाल तक पहुंच गई है, जो पिछले पांच साल में लगभग 4 रुपए की बढ़ोतरी है। इसी वजह से प्रत्येक हज यात्री का खर्च लगभग 55,000 रुपए बढ़ गया है। यह बढ़ोतरी यात्रा की कुल लागत पर सीधे असर डाल रही है। पिछले वर्षों की तुलना करें तो साल 2020 में हज यात्रा का खर्च 2.70 लाख रुपये था, जब रियाल का मूल्य 19.60 रुपये था। कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में हज यात्रा स्थगित कर दी गई। 2022 में हज यात्रा का खर्च बढ़कर 3.75 लाख रुपये और रियाल की कीमत 21.90 रुपये हो गई। 2023 और 2024 में क्रमशः खर्च 3.50 लाख और 3.20 लाख रुपये, और रियाल की कीमत 22.15 और 22.65 रुपये रही। इस बार 2025 की हज यात्रा में यात्रियों को और अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव और रुपए की कमजोर स्थिति से हज यात्रा के खर्च पर असर पड़ता रहेगा। वहीं मध्यप्रदेश से चयनित 6,500 लोगों के लिए यह बढ़ी हुई लागत चुनौती बन सकती है। इस प्रकार रियाल के बढ़ते दाम और रुपए की गिरती कीमत हज यात्रा को महंगा बनाकर सामान्य भारतीय परिवारों पर वित्तीय दबाव डाल रहे हैं।

# औद्योगिक आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**- अमेरिकी जीडीपी, एडीपी रोजगार डेटा, और बेरोजगारी के साप्ताहिक दावे बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे**




**मुंबई ।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में गिरावट रही, और निवेशक आने वाले सप्ताह में उद्योगों से जुड़े अहम आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे। ये आंकड़े निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण होंगे और बाजार की दिशा पर असर डाल सकते हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक आर्थिक हालात पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अगले सप्ताह अमेरिकी जीडीपी, एडीपी रोजगार डेटा और बेरोजगारी के साप्ताहिक दावों के आंकड़े भी जारी होंगे। कमोडिटी मार्केट और शेयर बाजार पर इन आंकड़ों का सीधा प्रभाव देखने को मिल सकता है। नया शुरू होने वाला सप्ताह कारोबारी लिहाज से छोटा है क्योंकि 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी है। इसलिए कमोडिटीज की कीमतों में उतार-चढ़ाव कम हो सकता है। नए हफ्ते में कुछ ही इकोनॉमिक डेटा जारी होने वाले हैं, खासकर अमेरिकी जीडीपी, एडीपी एंप्लॉयमेंट डेटा और बेरोजगारी के वीकली दावों का डेटा। कमोडिटी मार्केट की इन आंकड़ों पर पैनी नजर रहेगी क्योंकि इन्हीं के बेसिस पर मार्केट की चाल तय होगी। निवेशक उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जबकि कम कारोबारी दिन और छुट्टियों के चलते बाजार में गतिविधि थोड़ी धीमी रहने की संभावना है।

## एसबीआई का आवास ऋण पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ के करीब

**बैंक की इस समय आवास ऋण बही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक**

**नई दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का आवास ऋण पोर्टफोलियो अगले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर सकता है। बैंक की इस समय आवास ऋण बही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जो इसकी सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है और कुल परिसंपत्तियों का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाती है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी के अनुसार, बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में आवास ऋण को 8.31 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर नौ लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंचाया। इस दौरान सालाना आधार पर वृद्धि दर 14.4 प्रतिशत रही। बैंक अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 10 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य की दिशा में बढ़ रहा है। एसबीआई ने अपने आवास ऋण पोर्टफोलियो को मार्च 2011 में केवल 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर नवंबर 2025 तक 9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया। इस दौरान बैंक ने लगातार स्थिर और संरचित तरीके से ऋण वितरण किया। बैंक की सक्रिय निगरानी और प्रबंधन के कारण आवास ऋण खंड में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स की दर 1 प्रतिशत से कम बनी हुई है, जिससे यह ऋण सुरक्षित और भरोसेमंद बना हुआ है। एसबीआई का यह मजबूत प्रदर्शन बैंकिंग क्षेत्र में स्थिरता और आवास वित्त पोषण में तेजी को दर्शाता है।

# घरेलू थोक बाजार में चावल और गेहूं में तेजी, चीनी और दालें सस्ती



**नई दिल्ली ।** घरेलू थोक जिंस बाजार में बीते सप्ताह चावल की कीमतों में मजबूती देखी गई। सप्ताह के दौरान चावल का औसत भाव 71 रुपये बढ़कर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार ग्राहकी में वृद्धि और मांग की मजबूती के कारण चावल के भाव में यह उछाल आया है। गेहूं की कीमतों में भी बढ़ोतरी रही। गेहूं का औसत भाव 10 रुपये की वृद्धि के साथ 2,858.33 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं की मांग में थोड़ा इज़ाफा और भंडारण की रणनीतियों के कारण कीमतों में यह मामूली बढ़ोतरी हुई। आटे की कीमतें इस सप्ताह लगभग स्थिर रही। आटे का भाव 3,305.69 रुपये प्रति क्विंटल पर दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि आटे की सप्लाई पर्याप्त होने के कारण इसमें कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं हुआ। बीते सप्ताह चीनी और दालों के बाजार में गिरावट रही। इसकी मुख्य वजह उत्पादन में वृद्धि और मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक होना बताया जा रहा है। दालों और चीनी की कीमतें ग्राहकों के लिए कुछ राहत देने वाली रही हैं।

खाद्य तेलों के भाव में इस सप्ताह अस्थिरता देखी गई। कुछ तेलों में मामूली बढ़ोतरी रही, तो कुछ में कीमतें घटीं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों और आयात पर निर्भरता के कारण खाद्य तेलों में अस्थिरता बनी हुई है।



# अभिनेत्री श्रीलीला ने एआई के दुरुपयोग पर जताई नाराजगी

सोशल मीडिया पर एआई का चलन काफी तेजी से बढ़ रहा है। एक तरफ यह तकनीक जीवन को आसान बना रही है, तो दूसरी ओर इसके गलत इस्तेमाल से कई लोगों की छवि को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी चपेट में मनोरंजन जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। डीप फेक कंटेंट से परेशान कई सेलेब्स ने इसको लेकर आवाजें भी उठाई हैं। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा की अभिनेत्री श्रीलाला ने नाराजगी जताते हुए बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। इसमें उन्होंने सभी से निवेदन किया कि बढ़ते एआई फेक वीडियो या किसी भी प्रकार के कंटेंट का समर्थन न करें। उन्होंने लिखा, मैं हाथ जोड़कर सभी से निवेदन करती हूं कि कृपया एआई द्वारा बनाई गई गलत और फेक चीजों का समर्थन न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और उसका दुरुपयोग करने में जमीन-आसमान का फर्क है। मेरी नजर में टेक्नोलॉजी का उद्देश्य जिंदगी को आसान बनाना है, न कि उसे और भी ज्यादा मुश्किल करना। उन्होंने आगे लिखा कि दुनिया की हर लड़की किसी की बेटी, बहन, पोती या दोस्त होती है, भले ही वह फिल्म इंडस्ट्री में काम क्यों न कर रही हो। हम सब एक ऐसे माहौल में काम करना चाहते हैं, जहां पर खुशी फैले और हर कोई सुरक्षित महसूस करे। श्रीलीला ने खुलासा किया कि व्यस्त शेड्यूल की वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर चल रही बातों की जानकारी देर से प्राप्त हुई। इसी के साथ अभिनेत्री ने अपने फैंस और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें अलर्ट किया। अभिनेत्री ने लिखा, मैं हमेशा बातों को हल्के में लेकर अपनी दुनिया में मस्त रहती आई हूं, लेकिन यह सब बहुत परेशान करने वाला और दुखद है। मैं देख रही हूं कि मेरे कई सहकलाकार भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। मैं सभी की तरफ से यह बात रख रही हूं। अभिनेत्री ने आखिरी में लिखा, सम्मान और गरिमा के साथ, मैं अपने फैंस पर भरोसा रखते हुए, सभी से निवेदन करती हूं कि कृपया हमारा साथ दें।



# कास्टिंग काउच पर छलका बिग बॉस 19 फेम मालती चाहर का दर्द

**बिग बॉस 19 में अपनी मजबूत पर्सनालिटी से लगभग फिनाले में अपनी जगह बना चुकी मालती चाहर अब शो के बाद भी सुर्खियों में हैं। हाल ही में मालती ने अपने करियर से जुड़ा एक ऐसा अनुभव साझा किया, जिसने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के उस काले सच की ओर फिर से ध्यान खींच लिया, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। मालती ने अपने साथ हुए कास्टिंग काउच को लेकर खुलासा किया है।**

## जब कास्टिंग काउच का शिकार हुई मालती

भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन मालती चाहर ने हाल ही में सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में बताया कि कैसे एक सीनियर फिल्ममेकर से मुलाकात उनके लिए डरावना अनुभव बन गई। उन्होंने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब वह एक प्रोजेक्ट को लेकर लगातार मीटिंग्स कर रही थीं। मालती के मुताबिक, काम खत्म होने के बाद उन्होंने शिष्टाचार के तौर पर सामने वाले को साइड हग किया, लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने उन्हें अंदर तक हिला दिया।

## मालती ने क्या कुछ कहा?

इस घटना पर बात करते हुए मालती ने कहा, मैं नाम नहीं लूंगी लेकिन मैंने उसे साइड हग की और उसने मुझे किस करने की कोशिश की। उसने बदतमीजी की और मैंने उसे सूत-समेत वापस दिया। तो मेरे साथ ये पहली घटना थी जो हुई। ये एक डायरेक्टर थे। वो बहुत उम्रदराज थे और मैं हैरान रह गई कि ये आखिर हुआ क्या। मालती ने बताया कि सीनियर फिल्ममेकर को इस तरह से हरकत करते देखना हैरानी भरा था। कुछ सेकंड तक उन्हें समझ ही नहीं आया कि क्या हो रहा है, लेकिन उन्होंने तुरंत खुद को संभाला और वहां से दूरी बना ली। मालती का कहना है कि वह उस शख्स को एक सम्मानित और पिता तुल्य मानती थीं, इसलिए इस तरह के व्यवहार की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

## सभी को सतर्क रहने की दी सलाह

मालती ने इंटरव्यू में ये भी स्वीकार किया कि कास्टिंग काउच जैसी घटनाएं इंडस्ट्री में आज भी होती हैं। उनके मुताबिक, कई बार लोग सामने वाले की बॉडी लैंग्वेज और नेचर को पढ़कर अपनी किस्मत आजमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि ज्यादातर लोग सीमाएं समझते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो लाइन क्रॉस कर जाते हैं। बिग बॉस 19 की बात करें तो यह सीजन दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहा। शो का फिनाले 7 दिसंबर 2025 को हुआ, जिसमें गौरव खन्ना ने ट्रॉफी अपने नाम की। फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं, जबकि प्रणीत मोरे दूसरे रनर-अप बने। मालती चाहर ने भी शो में टॉप 6 तक का सफर तय किया था।

# तस्करों की कहानी लेकर आ रहे नीरज पांडे, इमरान हाशमी निभाएंगे प्रमुख भूमिका

'स्पेशल ऑप्स' जैसी सीरीज और 'स्पेशल 26' व 'ए वेड्नेसडे' जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में इमरान हाशमी और शरद केलकर जैसे सितारे नजर आएंगे। सीरीज की घोषणा हो गई है। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आज सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।



# अपनी पहली फिल्म को इसलिए भूलना चाहती हैं राधिका आप्टे



राधिका आप्टे ने फिल्म वाह! लाइफ हो तो ऐसी (2005) में एक छोटे रोल से बड़े पर्दे पर एक्टिंग की शुरुआत की। बॉलीवुड इंडस्ट्री में उन्हें 20 साल हो चुके हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि वह अपनी पहली फिल्म को भूलना चाहती हैं क्योंकि प्रोड्यूसर ने उनके साथ अजीब व्यवहार किया था। बातचीत में राधिका आप्टे ने खुलासा करते हुए बताया प्रोड्यूसर ने मुझे हौसला नहीं दिया, उन्होंने मुझे मेहनताना भी नहीं दिया। जब मेरी मां और मैंने कॉन्ट्रैक्ट साइन करने के लिए कहा, तो प्रोड्यूसर ने कहा कि उर्मिला मातोंडकर ने भी कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया। मुझे नहीं पता कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया या नहीं लेकिन उन्होंने मेरे साथ अजीब व्यवहार किया। इसलिए मैं अपनी पहली फिल्म भूलना चाहती हूं क्योंकि उस फिल्म का प्रोडक्शन बहुत अजीब था।

## वाह! लाइफ हो तो ऐसी को अपनी फिल्मों में नहीं गिनतीं

राधिका आप्टे ने आगे बताया कि फिल्म के डायरेक्टर महेश मांजरेकर ने उन्हें ब्रेन सर्जन नाम के एक नाटक में देखा था। इसलिए वह उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। वाह! लाइफ हो तो ऐसी में काम करने के बाद राधिका कॉलेज पूरा करने वापस चली गईं। कई वर्षों के बाद वह फिल्मों में वापस आईं। उनका कहना है कि वह उस फिल्म को अपनी फिल्मों में नहीं गिनतीं।



# सही समय पर बन रही है कॉकटेल 2

कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की।

## कृति ने की शाहिद और रश्मिका की तारीफ

कॉकटेल 2 के अपने को-एक्टर्स शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के बारे में भी कृति ने बात की। उन्होंने कहा कि शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ शूटिंग करना बहुत मजेदार रहा। निर्देशक होमी अदजानिया तो बिल्कुल पागल हैं। उनकी मस्ती ही हम सबको एक मजेदार सफर पर ले जाती है। 'कॉकटेल 2' में कृति शाहिद के साथ तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (2024) के बाद दूसरी बार काम कर रही हैं। शाहिद को लेकर एक्ट्रेस का कहना है कि वह कहते हैं, आपसे एक इंसान के तौर पर मिलकर अच्छा लगा। आपको इंसान न होने की वजह से बंधे रहने की जरूरत नहीं है।

## मैं कुछ मजेदार और ताजा करना चाहती थी

बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। तेरे इश्क में एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं।



# खुद को एक चैलेंज देने के लिए फिल्मों और ओटीटी पर आई



**टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस कृतिका कामरा अब छोटे पर्दे से ज्यादा फिल्मों और ओटीटी पर ध्यान दे रही हैं। हाल ही उनकी द ग्रेट शमसुद्दीन फैमिली फिल्म भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है।**

पॉपुलर एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने छोटे पर्दे पर कितनी मोहब्बत है और कुछ तो लोग कहेंगे से खूब नाम कमाया। अनुभव सिन्हा की फिल्म भीड़ में विधि के उनके किरदार की खूब तारीफ हुई। इसी तरह ओटीटी पर तांडव जैसी वेब सीरीज में भी उनके काम की खूब सराहना हुई। बरेली में पैदा हुई कृतिका उन कलाकारों में से है, जिन्होंने टीवी, फिल्मों और डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, तीनों पर अपनी धमक दिखाई है। इन दिनों वह ओटीटी पर रिलीज अपनी नई फिल्म द ग्रेट शमसुद्दीन फैमिली को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर कृतिका कामरा अक्सर अपने घूमने-फिरने और खाने-पीने से जुड़े फोटोज-विडियोज शेयर करती रहती हैं।

## ट्रैवल के दौरान अलग जोश होता है

खाने के साथ ही कृतिका घूमने की भी शौकीन हैं। वह कहती हैं, ऐसा नहीं है कि मैं कुछ खाने के लिए ही ट्रैवल प्लान करूंगी। मगर हां, अगर मैं कहीं जा रही हूं तो मेरे पास पहले से ही लिस्ट होती है कि मुझे फलाना जगह जाकर ये खाना है, वहां का रिजर्वेशन कर लूंगी। मेरे साथ यह भी होता है कि जैसे कभी किसी खास जगह के ट्रिप पर मुझे जाना होता है, लेकिन प्लान फेल हो जाता है। मैं तीन-चार बार अमेरिका जाने का प्लान बना चुकी हूं, लेकिन हर बार किसी ना किसी वजह से प्लान धरा का धरा रह जाता था। हालांकि फिर कुछ साल बाद मैं वहां गई और कुछ रेस्टोरेंट में जाकर मैंने वहां का स्वाद लिया। (हंसते हुए) ट्रैवल करते वक्त मेरे अंदर एक अलग जोश आ जाता है सोशल मीडिया के लिए, जो बाकी वक्त सो रहा होता है।

## हर भारतीय परिवार ग्रेट होता है

कृतिका इन दिनों अपनी फिल्म द ग्रेट शमसुद्दीन फैमिली को लेकर चर्चा में हैं। वह कहती हैं, हर भारतीय परिवार ग्रेट होता है, क्योंकि ये एक हिंदुस्तानी फैमिली है। हमारे यहां यह खास बात है कि हम परिवार को बहुत ऊंचा दर्जा देते हैं। इसकी हम बहुत इज्जत भी करते हैं। ऐसा ही कुछ मेरे किरदार बानी के साथ भी है। इस फिल्म के अंदर मेरी एक डेड लाइन है, पर मेरी फैमिली मुझे अकेला नहीं छोड़ रही है। वैसे तो मैं अकेले रहती हूं पर मेरे घर में सुबह से ही घंटी बजनी शुरू होती है। जब-जब घंटी बजती है, परिवार का कोई एक सदस्य वहां आ जाता है और अपनी प्रॉब्लम लेकर बैठ जाता है। लगभग पूरा ही परिवार मेरे घर में है और हमारे पास सॉल्व करने के लिए बहुत सारी समस्याएं हैं।

## जिस काम में जल्दी हो उसी में दिक्कतें आने लगती हैं

जब किसी काम की डेडलाइन पास में हो तो कुछ ना कुछ उथल-पुथल वाली चीजें होती रहती हैं। कृतिका के साथ भी क्या ऐसा कुछ होता है? वह कहती हैं, ऐसा होता ही है कि जब आपको कोई चीज तुरंत करनी होती है, तो सारी बाधाएं उस दिन आएंगी। मेरे साथ जो सबसे कॉमन चीज होती है, वो यह है कि अगर मुझे कहीं पहुंचना है और मैं निकलते हुए लेट हो जाऊं, उसके बाद एक के बाद एक सब कुछ गलत होता जाता है। जैसे टाइम पर लिफ्ट नहीं आएगी, गाड़ी के सामने बार-बार रेड लाइट आएगी, कभी टायर पंचर हो जाता है। तब लगता है कि जो चीज आप जल्दी से करना चाहो तो पूरी कायनात उस चीज के लिए रुकावटें खड़ी करने में लग जाती है। हालांकि, शाहरुख की फैन हूं तो मैं ऐसा नहीं मानती हूं।

## एक्टर प्लेटफॉर्म को महत्व नहीं देते

टीवी से ओटीटी में आने का निर्णय लेना कृतिका कामरा के लिए कितना बड़ा कदम रहा है, इस सवाल के जवाब में वह कहती हैं, मैंने टीवी पर बहुत साल काम किया। मेरे जीवन में और सीखने के लिहाज से टीवी ने काफी अहम रोल अदा किया। जब मैंने छोटे पर्दे पर बहुत साल काम कर लिया था, तब मैं एक ऐसे पॉइंट पर पहुंच चुकी थी, जब मुझे लगने लगा था कि मुझे खुद को एक चैलेंज देना है, कुछ नया करना है, मुझे एक नई दिशा में देखना होगा। तब मैंने फिल्म और वेब शोज के लिए ऑडिशन देना शुरू किया। लेकिन एक्टर के दिमाग में इतना अंतर नहीं होता है कि वह किस मीडियम में काम कर रहा है। मैं कभी ये नहीं देखती कि ओटीटी पर काम करूंगी तो मुझे कौन-सी ऑडियंस मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in